
नेशनल प्रेस टाइम्स
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
नई दिल्ली, सोमवार
10 फरवरी 2025
नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 10, अंक : 324 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579



## दिल्ली के नतीजों के बाद संजय राउत की आप और कांग्रेस को नसीहत

मुंबई । दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप और कांग्रेस की हार के बाद विपक्षी इंडिया गठबंधन में सहयोगी पार्टी शिवसेना यूबीटी के सांसद संजय राउत ने दोनों पार्टियों को नसीहत दी है। इसके साथ उन्होंने इंडिया गठबंधन को लेकर कहा कि 'इंडिया गठबंधन है और भविष्य में भी रहेगा'।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों पर शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने कहा, 'यह आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दोनों की जिम्मेदारी थी, उन्हें बैठकर सीट बंटवारे पर चर्चा करनी चाहिए थी, लेकिन दोनों ने अलग-अलग चुनाव लड़ा और चुनाव हार गए। भाजपा चाहती है कि हम आपस में लड़ें। अगर हम इस बात से खुश हैं कि आप और कांग्रेस हार गए, तो यह लोकतंत्र के लिए अच्छी बात नहीं है। जब तक हम आपस में लड़ेंगे, तब तक हम तानाशाही को नहीं हरा सकते'

### दिल्ली की सत्ता में आते ही भाजपा की बड़ी घोषणा

# भ्रष्टाचार मामलों की जांच के लिए एसआईटी का होगा गठन

नई दिल्ली । नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में भ्रष्टाचार के मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल बनाने की घोषणा की। दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि पार्टी भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता रखती है।

दिल्ली में 26 साल से अधिक अंतराल के बाद भाजपा सत्ता में आई है। भाजपा ने नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में भ्रष्टाचार के मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल बनाने की घोषणा की। दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि पार्टी भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता रखती है और घोटालों में शामिल लोगों




को जवाबदेह ठहराया जाएगा।

सचदेवा ने बताया, 'जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई बार कहा और हमने भी किया। सीएजी रिपोर्ट पहली कैबिनेट बैठक के दौरान पेश की जाएगी। हम भ्रष्टाचार के सभी मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) भी बनाएंगे।' 70 सदस्यीय सदन में 48 सीटों के साथ दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीत पर टिप्पणी करते हुए सचदेवा ने पार्टी को सफलता के लिए मार्गदर्शन करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को श्रेय दिया।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दिल्ली के मतदाताओं ने मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए विकास के लिए भाजपा का समर्थन किया। लगातार तीसरी बार कांग्रेस की हार पर सचदेवा ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण पार्टी होने के बावजूद इसे बड़ी गिरावट का सामना करना पड़ा है और इसे 'कड़ी मेहनत' करनी चाहिए। दिल्ली के लिए भाजपा के मुख्यमंत्री पद के चेहरे के बारे में सचदेवा ने कहा कि पार्टी एक व्यवस्थित दृष्टिकोण अपनाती है और ऐसे निर्णय केंद्रीय नेतृत्व पर छोड़ती है, जैसा कि अन्य राज्यों में देखा गया था।

# राष्ट्रपति मूर्मू आज संगम में लगाएंगी आस्था की डुबकी

महाकुंभ नगर (प्रयागराज) प्रयागराज की पावन धरा पर सोमवार को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कदम रखेंगी और इसकी भव्यता व दिव्यता की साक्षी बनेंगी। वे आठ घंटे से अधिक समय तक प्रयागराज में रहेंगी।

प्रयागराज की पावन धरा पर सोमवार को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कदम रखेंगी और इसकी भव्यता व दिव्यता की साक्षी बनेंगी। वे आठ घंटे से अधिक समय तक प्रयागराज में रहेंगी और इस दौरान संगम स्नान के साथ ही यहां अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगी। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे।

राष्ट्रपति मुर्मू सुबह संगम नोज पहुंचकर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी




लगाएंगी। मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में राष्ट्रपति आस्था की डुबकी लगाकर सनातन आस्था को मजबूत आधार देंगी। देश की प्रथम नागरिक का संगम में पावन डुबकी लगाने का यह ऐतिहासिक क्षण होगा। बता दें कि इससे पहले भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भी महाकुम्भ में पावन स्नान किया था।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसके उपरांत धार्मिक आस्था को और अधिक मजबूती देने के लिए अक्षयवट का दर्शन-पूजन करेंगी। सनातन संस्कृति में अक्षयवट को अमरता का प्रतीक माना जाता है। यह हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण स्थल है, जिसकी महत्ता पुराणों में भी वर्णित है। इसके अलावा वे बड़े हनुमान मंदिर में भी दर्शन करेंगी और पूजा-अर्चना कर देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना करेंगी।

शेष पेज 2 पर

## महाकुंभ में फिर भारी भीड़, झूंसी फुल पैक... रात 11 बजे से पैदल चल रहे यात्री; गाड़ियां भी फंसी



प्रयागराज । प्रयागराज में चल रहे मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अभी महाकुंभ के 17 दिन शेष हैं। हर दिन बढ़ रही भीड़ की वजह से घाटों पर लोगों की संख्या बढ़ गई है और वहीं सड़कों पर जाम की स्थिति बनी हुई है।

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में एक बार फिर से श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी है। हर दिन लाखों लोग पावन संगम में डुबकी लगा रहे हैं।

मौनी हादसे के बाद कुछ दिन के लिए थम गया। लेकिन अब फिर से भारी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। आज रविवार की छुट्टी के चलते श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ नजर आ रही है। वहीं सड़कों पर भी गाड़ियां जगह-जगह जाम में फंसी हैं। यात्री रात 11 बजे से पैदल चल रहे हैं।

शेष पेज 2 पर

### सीएम साय बोले- बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा

# 31 नक्सली ढेर, दो जवान बलिदान और दो घायल

बीजापुर। बीजापुर जिले में महाराष्ट्र सीमा से लगे नेशनल पार्क इलाके में डीआरजी, एसटीएफ व बस्तर फाइटर के जवानों की संयुक्त टीम के साथ नक्सलियों की बड़ी मुठभेड़ हुई है। बताया जा रहा है कि इस मुठभेड़ में जवानों ने 31 नक्सलियों को ढेर कर दिया है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से ठीक पहले बीजापुर के नेशनल पार्क इलाके में पुलिस व नक्सलियों के बीच बड़ी मुठभेड़ हुई है। पुलिस सुरक्षा बल ने छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर 31 नक्सलियों को मार गिराया है। दो जवान बलिदान हो गए और दो जवान घायल भी हुए हैं। घायल जवानों को निकालने के लिए जगदलपुर से



एमआई-17 हेलीकॉप्टर रवाना किया गया है। बस्तर संभाग के आईजीपी सुंदर राज ने एनकाउंटर की पुष्टि की है। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ भी सकती है।

यह एनकाउंटर बीजापुर के नेशनल पार्क एरिया में हुआ है, अभी भी अन्य नक्सलियों की धरपकड़ के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। बीजापुर डीआरजी, एसटीएफ और बस्तर फाइटर के जवानों ने नक्सलियों को चारों तरफ से घेर रखा है। आईजी ने बताया कि नक्सलियों के बड़ी संख्या में जमा होने की सूचना मिली थी, इसके बाद मौके पर फोर्स रवाना की गई है। सुबह से ही रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है। बताया जा रहा है कि इस नक्सल ऑपरेशन में नक्सलियों को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है।

**जवानों के बलिदान पर सीएम विष्णुदेव साय ने जताया शोक**-छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी जवानों के बलिदान होने की सूचना पर जताया शोक। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, 'बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में अब तक 12 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मुठभेड़ में 2 जवान बलिदान एवं 2 जवान के घायल होने की भी दुःखद खबर प्राप्त हुई है। जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में मार्च 2026 तक हमारा प्रदेश नक्सलवाद मुक्त होकर रहेगा। इस दिशा में सुरक्षाबल के जवान निरंतर सफलता हासिल कर लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

शेष पेज 2 पर

## पटना में कांग्रेसियों का प्रदर्शन, जंजीरें पहन नारेबाजी की; कहा- मोदी सरकार नहीं करती भारतीयों की इज्जत




पटना। प्रदर्शन करने वालों ने कहा कि भारतीयों का अपमान अब हिन्दुस्तान नहीं सहेगा। कांग्रेसियों ने तानाशाही सरकार के खिलाफ मुदार्बाद के नारे लगाए।

अमेरिका से भारतीय को वापस भेजने और उनके कथित अपमाान के मुद्दे को लेकर बिहार प्रदेश कांग्रेस के कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने जंजीरे पहनकर मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने पीएम मोदी से उनका इस्तीफा मांग लिया। उन्होंने कहा कि यह तानाशाही सरकार भारतीयों की इज्जत नहीं कर रही है। प्रदर्शन करने वालों ने कहा कि भारतीयों का अपमान अब हिन्दुस्तान नहीं सहेगा। कांग्रेसियों ने तानाशाही सरकार के खिलाफ मुदार्बाद के नारे लगाए।

शेष पेज 2 पर

### दिल्ली चुनाव में AAP की करारी हार के बाद आतिशी ने छोड़ा मुख्यमंत्री

# आतिशी ने छोड़ा मुख्यमंत्री पद उपराज्यपाल को सौंपा इस्तीफा

**नई दिल्ली** । दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में आम आदमी पार्टी की करारी हार के बाद सीएम आतिशी ने रविवार को अपना इस्तीफा सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक दिल्ली की सीएम आतिशी आज सुबह करीब 11 बजे राज निवास पहुंचीं और दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इस बार 60.54 फीसदी वोटिंग हुई है जबकि पिछली बार 62.60 फीसदी वोटिंग हुई थी।

आतिशी ने 12 राउंड के बाद कालकाजी सीट पर 52058 वोटों से जीत दर्ज की है।



केजरीवाल-मनीष सिसोदिया समेत आम आदमी पार्टी के कई बड़े चेहरे हार गए हैं।

डिजिटल डेस्क, जागरण। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में आम आदमी पार्टी की करारी हार के बाद सीएम आतिशी ने रविवार को अपना इस्तीफा सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली की सीएम आतिशी सुबह करीब 11 बजे राज निवास पहुंचीं ..

शेष पेज 2 पर

### दिल्ली नई विधानसभा : सबसे अमीर विजेता 259 करोड़ के मालिक

# 5वीं पास राम सिंह सबसे कम पढ़े-लिखे

**नई दिल्ली** । चुनावी नतीजे आने के बाद जीते हुए प्रतिनिधियों को लेकर लोगों के मन में कई तरह के सवाल हैं? मसलन दिल्ली को अब जो नेता मिलेंगे, वे सब कितने पढ़े-लिखे हैं? उनकी संपत्ति कितनी है? इनमें कितने नेताओं पर आपराधिक केस दर्ज हैं? इसके अलावा दिल्ली की नई विधानसभा कितनी उम्रदराज होगी? आइये जानते हैं...

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। भाजपा ने बंपर जीत दर्ज करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के 12 साल के शासन का अंत किया। इसी के साथ भाजपा नेतृत्व ने सभी जीते हुए उम्मीदवारों को बधाई दी है। उधर अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि वह एक अच्छे विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। इस बीच लगातार तीसरी बार दिल्ली में एक भी सीट हासिल न कर पाने वाली




कांग्रेस का बयान आना बाकी है।

चुनावी नतीजे आने के बाद जीते हुए उम्मीदवारों को लेकर लोगों के मन में कई तरह के सवाल हैं? मसलन दिल्ली को अब जो नेता मिलेंगे, वे सब कितने पढ़े-लिखे हैं? उनकी संपत्ति कितनी है? इनमें कितने नेताओं पर आपराधिक केस दर्ज हैं? इसके अलावा दिल्ली की नई विधानसभा कितनी उम्रदराज होगी? आइये जानते हैं...

**कितनी है दिल्ली के नए प्रतिनिधियों की उम्र?**

दिल्ली विधानसभा चुनावों में जो नेता चुनकर आए हैं, उनकी उम्र का दायरा 31 साल से लेकर 73 साल तक है। दिल्ली में चुने गए नवनिर्वाचित विधायकों की औसत आयु करीब 52 वर्ष है। यानी दिल्ली विधानसभा में युवाओं और बुजुर्ग विधायकों का एक अच्छा संगम साबित होने वाली है।

शेष पेज 2 पर

# तो इसलिए दिल्ली में विधानसभा चुनाव हार गई आप', केजरीवाल के पूर्व सहयोगी प्रशांत भूषण ने बताई वजह

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

नई दिल्ली। अरविंद केजरीवाल के पूर्व सहयोगी प्रशांत भूषण ने एक्स पर लिखा, 'अरविंद केजरीवाल ने अपने लिए 45 करोड़ का शीश महल बनवाया और लक्जरी कारों में यात्रा करना शुरू कर दिया। उन्हें लगा कि राजनीति झांसे और प्रचार से की जा सकती है। यह आम आदमी पार्टी के अंत की शुरूआत है।'




राजधानी दिल्ली में भाजपा का 26 साल का वनवास समाप्त हो चुका है। प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा ने राजधानी में वापसी की है। बीते 10 साल से दिल्ली की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी का किला ढह गया। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, सरकार में नंबर दो रहे पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन समेत कई मंत्री और पार्टी के दिग्गज नेताओं ने अपनी सीट गंवाई। वहीं सीएम आतिशी हारते-हारते जीतीं हैं। आम आदमी पार्टी के पूर्व सहयोगी प्रशांत भूषण ने एक्स पर एक पोस्ट लिखा, जिसमें उन्होंने हार के पीछे के कुछ कारण बताए।

अरविंद केजरीवाल के पूर्व सहयोगी वकील प्रशांत भूषण ने एक्स पर लिखा, 'आप की दिल्ली हार के लिए केजरीवाल काफी हद तक जिम्मेदार हैं। वैकल्पिक राजनीति के लिए बनाई गई एक पार्टी, जिसे पारदर्शी, जवाबदेह और लोकतांत्रिक माना जाता था, उस पार्टी को अरविंद ने तुरंत एक सुप्रीमो प्रभुत्व वाली, गैर पारदर्शी और भ्रष्ट पार्टी में बदल दिया। लोकपाल का पालन नहीं किया और अपना लोकपाल हटा दिया।'

उन्होंने अपने लिए 45 करोड़ का शीश महल बनवाया और लक्जरी कारों में यात्रा करना शुरू कर दिया। उन्होंने आप द्वारा गठित विशेषज्ञ समितियों की 33 विस्तृत नीति रिपोर्टों को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि समय आने पर पार्टी समीचीन नीतियां अपनाएगी। उन्हें लगा कि राजनीति झांसे और प्रचार से की जा सकती है। यह आम आदमी पार्टी के अंत की शुरूआत है।'

**मुस्लिमों का समर्थन ही पर्याप्त नहीं**- दिल्ली चुनाव में भाजपा ने हिंदुत्व पर अधिक जोर नहीं दिया, तो मुसलमानों को आकर्षित करने की भी कोशिश नहीं की। नतीजों से लगता है कि मुस्लिमों ने आप के नरम हिंदुत्व को नजरअंदाज किया और भाजपा को भी वोट दिया। लेकिन आप या किसी भी पार्टी के लिए दिल्ली में चुनाव जीतने के लिए सिर्फ मुसलमानों का समर्थन ही पर्याप्त नहीं है।

**आप का सत्ता विरोधी लहर को नजरअंदाज करना पड़ा भारी**-सत्ता विरोधी लहर के कारण 2024 चुनावों के लिए सुपर ईयर था। मतदाताओं के असंतोष के कारण ब्रिटेन से अमेरिका तक कई देशों में सत्तारूढ़ दलों का पतन हुआ है। लगातार दस साल में सत्ता पर काबिज आप इसे समझ नहीं सकी। उसे यमुना की सफाई, यूरोपियन स्टैंडर्ड की सड़कें और 24 घंटे साफ पानी जैसे वादे पूरे न करना भारी पड़ा। मतदान के ऐन मौके पर जहरीली यमुना का दांव भी उल्टा पड़ गया।

**संघ का समर्थन भाजपा का असली पावरबैंक, 5,000 से अधिक बैठकें**- आम चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद संघ-भाजपा के बीच समन्वय की कमी की बातें सामने आईं। लेकिन संघ ने हरियाणा व महाराष्ट्र में भाजपा का पूरा साथ देकर साबित कर दिया कि संघ असली पावरबैंक है। संघ कार्यकर्ताओं ने 5,000 से अधिक नुक्कड़ और ड्राइंग रूम बैठकें कीं। संघ पार्टी को अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अपने वादों को अनुकूलित करने वाले हाइपरलोकल अभियान लाने में मदद करता है।

**मुफ्त रेवड़ियां जरूरी, पर जीत के लिए काफी नहीं**-नतीजों ने साबित कर दिया-मुफ्त रेवड़ियां चुनाव जीतने के लिए जरूरी हो सकती हैं, लेकिन पर्याप्त नहीं। महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली, तीनों चुनावों में राज्य सरकारों के कल्याणकारी कार्यक्रमों पर बहुत अधिक ध्यान दिया गया। इन मुफ्त रेवड़ियों ने महाराष्ट्र और झारखंड सरकारों को सत्ता वापसी मदद की, लेकिन दिल्ली में यह विफल रहा। इससे पहले, बीआरएस और वाईएसआरसीपी भी मुफ्त रेवड़ियों पर दांव लगाने के बावजूद हार गई थी।

# 'पैसा और शराब खुलेआम बांटी गई, आचार संहित का उल्लंघन हुआ', बैठक के बोले सिसोदिया




दिल्ली। : राजधानी दिल्ली में भाजपा का 26 साल का वनवास समाप्त हो चुका है। प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा ने राजधानी में वापसी की है। बीते 10 साल से दिल्ली की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी का किला ढह गया। भाजपा को इस चुनाव में 70 सीटों में से 48 सीटों पर जीत मिली है, जबकि बहुमत के लिए 36 सीटों की जरूरत थी। अब दिल्ली की नजर मुख्यमंत्री के चेहरे पर है। यआप नेता मनीष सिसोदिया ने कहा, ₹अरविंद केजरीवाल ने उन आप उम्मीदवारों का मनोबल बढ़ाया, जो चुनाव नहीं जीत पा रहे हैं। सभी ने बहुत अच्छे से चुनाव लड़ा, जबकि पूरी मशीनरी का इस्तेमाल किया गया। पैसा, शराब खुलेआम बांटी गई। भारत के चुनाव आयोग के नियमों और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया गया। हम अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में लोगों की सेवा करेंगे।' बैठक के बाद आप नेता आतिशी ने कहा, ₹अभी विश्लेषण चल रहा है कि आप क्यों हारी, लेकिन यह दिल्ली की जनता का जनादेश है। हम जनादेश का सम्मान करते हैं। यह चुनाव इतनी गुंडागर्दी के साथ हुआ, ऐसा चुनाव दिल्ली के इतिहास में कभी नहीं हुआ होगा। जहां खुलेआम पैसे बांटे जा रहे हैं, खुलेआम शराब बांटी जा रही है, पुलिस खुलेआम बंटवा रही है और जो इसकी शिकायत कर रहा है, उसे जेल में डाला जा रहा है। लेकिन हम दिल्ली की जनता के जनादेश को स्वीकार करते हैं और विरोध के रूप में रचनात्मक भूमिका निभाएंगे।'

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारी जीत दर्ज करने के एक दिन बाद भाजपा ने रविवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के साथ नवनिर्वाचित पार्टी विधायकों की बैठक के लिए समय मांगा। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सक्सेना को पत्र लिखकर शहर के 48 नवनिर्वाचित पार्टी विधायकों और सात लोकसभा सांसदों के साथ बैठक के लिए समय मांगा।

आप नेता गोपाल राय पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास पर बैठक के लिए पहुंचे। आप नेता और दिल्ली की निवर्तमान सीएम आतिशी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास पर बैठक के लिए पहुंचीं।

मुस्तफाबाद सीट से भाजपा के विजयी उम्मीदवार मोहन सिंह बिष्ट ने कहा, ₹मैंने कहा था कि अगर मैं जीत गया तो मुस्तफाबाद का नाम बदलकर शिवपुरी या शिव विहार रख दूंगा, मैं ऐसा करूंगा।

आप सांसद संजय सिंह, बाबरपुर विधानसभा सीट से विजयी उम्मीदवार गोपाल राय और आप के महासचिव संदीप पाठक समेत आप नेता दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास पर पहुंचे।

**एलजी से मुलाकात के बाद यह बोले लवली**- गांधीनगर से भाजपा के विजयी उम्मीदवार अरविंदर सिंह लवली ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात पर कहा, ₹यह बस एक शिष्टाचार मुलाकात थी।

कांग्रेस अध्यक्ष राय ने बताया क्यों केजरीवाल को दिल्ली की जनता ने नकारा

उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा, 'अरविंद केजरीवाल कुछ ऐसी चीजों में जाकर फंसे जिसे समाज स्वीकार नहीं करता है। इन्होंने( अरविंद केजरीवाल) शराब नीति से पैसा कमाया है इसलिए जनता ने इन्हें नकारा है... मैं भाजपा से कहना चाहूंगा कि कांग्रेस के समय जिस तरह शीला दीक्षित और मनमोहन सिंह जी ने काम किया था उसी तरह वे भी दिल्ली के लिए काम करें।'

नई दिल्ली विधानसभा सीट से भाजपा के विजयी उम्मीदवार प्रवेश वर्मा राज निवास पहुंचे। इसके अलावा बिजवासन विधानसभा सीट से भाजपा के विजयी उम्मीदवार कैलाश गहलोत भी राज निवास पहुंचे।

दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली की सातवीं विधानसभा को भंग कर दिया है। एलजी कार्यालय की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। कल दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा 70 में से 48 सीटें जीतकर विजयी हुई है।

## पेज एक का शेष...

### राष्ट्रपति मूर्मू आज संगम में लगाएंगी आस्था की डुबकी

आधुनिक भारत और डिजिटल युग के साथ धार्मिक आयोजनों को जोड़ने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल को राष्ट्रपति समर्थन देंगी। वे डिजिटल महाकुम्भ अनुभव केंद्र का अवलोकन करेंगी, जिसमें महाकुम्भ मेले की विस्तृत जानकारी तकनीकी माध्यमों से उपलब्ध कराई जा रही है। यहां देश-विदेश के श्रद्धालुओं को इस अद्भुत आयोजन को और अधिक निकटता से अनुभव करने के लिए स्थापित किया गया है। राष्ट्रपति शाम पौने छह बजे प्रयागराज से वापस नई दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

राष्ट्रपति का यह दौरा न केवल प्रयागराज के लिए ऐतिहासिक होगा, बल्कि देशभर के श्रद्धालुओं के लिए भी एक प्रेरणादायी क्षण होगा। उनकी उपस्थिति से महाकुम्भ के धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को एक नई ऊंचाई मिलेगी। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए प्रयागराज में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है।

### 31 नक्सली ढेर, दो जवान बलिदान और दो घायल

देश-प्रदेश में कैंसर रूपी नक्सलवाद का अंत तय है। ईश्वर से बलिदान जवानों की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने व घायल जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।'

बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में अब तक 12 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है।

मुठभेड़ में 2 जवान शहीद एवं 2 जवान के घायल होने की भी दुःखद खबर प्राप्त हुई है।

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, 'जिला बीजापुर के नेशनल पार्क क्षेत्र के अंतर्गत मुठभेड़ में 31 नक्सली मारे गए हैं। 2 जवानों की जान चली गई है। दो जवान घायल हो गए हैं और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है।'

### महाकुंभ में फिर भारी भीड़, झूंसी फुल पैक... रात 11 बजे से पैदल चल रहे यात्री; गाड़ियां भी फंसी

**झूंसी से लेकर अलोपी बाग तक जाम**

प्रयागराज में झूंसी से लेकर अलोपी बाग तक जाम लगा हुआ है। मेले में भारी भीड़ देखी जा रही है। घाटों पर भी भारी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी है। त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाने के लिए महाकुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं का आना जारी है।

शनिवार को एक करोड़ 22 लाख श्रद्धालुओं ने किया स्नान

27वें दिन शनिवार एक करोड़ 22 लाख श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। लेकिन श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जिसके चलते प्रयागराज आने वाली अधिकतर सड़कों पर जाम की स्थिति है। हजारों की तादाद में लोग प्रयागराज के बाहर जाम में फंसे रहे।

घाटों पर पहुंचने में घंटों का इंतजार

वहीं प्रयागराज में भी लोगों को घाटों तक पहुंचने के लिए घंटों का इंतजार करना पड़ रहा है। भारी भीड़ को देखते हुए पार्किंग स्थल और रूटों पर आपात प्लान लागू कर दिया गया है। अगर बात प्रयागराज आने वाले रूट की करें तो फाफामऊ से प्रयागराज, झूंसी से प्रयागराज, जसरा से प्रयागराज आने वाले रास्तों पर भारी जाम लगा हुआ है।

प्रयागराज में जाम का कारण

– नए पुल पर सुबह वाहनों का आवागमन रोका जाना

– चार पहिया वाहनों का बड़ी संख्या में शहर में प्रवेश

– शटल बसों का मुख्य मार्गों पर जहां-तहां खड़ा होना

– बैरिकेडिंग प्वाइंटों पर लगे पुलिसकर्मियों का स्थिति के अनुसार निर्णय न लेना

श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ के चलते नए पुल पर वाहनों का आवागमन रोका गया था। दोपहर में स्थिति को देखते हुए दोपहिया वाहनों को आगे जाने की अनुमति दी गई। – अजयपाल शर्मा, नोडल महाकुंभ कमिश्नरेट

दोपहर दो बजे तक इतने लाख श्रद्धालुओं ने किया स्नान-उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में 2 बजे तक कल्पवास में 10 लाख से अधिक श्रद्धालु हैं तो वहीं 99.65 लाख तीर्थयात्री पहुंचे हैं। आज से अब तक कुल ऐसी ही भीड़ रही तो समापन तक संख्या 60 करोड़ के पार-मेला प्रशासन का दावा है कि ऐसी ही भीड़ रही तो महाकुंभ के समापन तक श्रद्धालुओं की संख्या 60 करोड़ के पार हो सकती है। महाराष्ट्र से आए अशोक, मधुबाला, अमित पांडेय, बिहार की प्रिया, सरोजनी, पवन झां, झारखंड के महंत गोपालदास, नेपाल के दीपक थापा, मध्यप्रदेश की सरोजनी, विश्वास, राजस्थान की आनंदी, केदार, गुजरात के अमरेंद्र पटेल, विपिन, उत्तराखंड के मनोज, राजेश शर्मा, अमित वत्स आदि का कहना है कि यहां पहुंचने पर सारे कष्ट भूल गए। साथ ही बच्चों को भी खूब अच्छा लग रहा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आ रही हैं संगम-प्रयागराज की पावन धरा पर सोमवार को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कदम रखेंगी और इसकी भव्यता व दिव्यता की साक्षी बनेंगी। वे आठ घंटे से अधिक समय तक प्रयागराज में रहेंगी और इस दौरान संगम स्नान के साथ ही यहां अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगी। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे।

देशवासियों के सुख-समृद्धि की करेंगी कामना-राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसके उपरांत धार्मिक आस्था को और अधिक मजबूती देने के लिए अक्षयवट का दर्शन-पूजन करेंगी। सनातन संस्कृति में अक्षयवट को अमरता का प्रतीक माना जाता है। यह हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण स्थल है, जिसकी महत्ता पुराणों में भी वर्णित है। इसके अलावा वे बड़े हनुमान मंदिर में भी दर्शन करेंगी और पूजा-अर्चना कर देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना करेंगी।

माघी पूर्णिमा पर रेलवे लागू करेगा मौनी अमावस्या वाला प्लान-वसंत पंचमी के बाद से महाकुंभ नगर में उमड़ रही भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन महाकुंभ के पांचवें स्नान पर्व पर मौनी अमावस्या वाला प्लान लागू करेगा। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए सोमवार रात 12 बजे से ही रेलवे यह प्लान लागू कर देगा। इस दौरान अयोध्या, वाराणसी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, कानपुर, झांसी व सतना की ओर ऑन डिमांड ट्रेनें चलाई जाएंगी।

### 5वीं पास राम सिंह सबसे कम पढ़े-लिखे

**दिल्ली में जनप्रतिनिधियों के संपत्ति के आंकड़े क्या कहते हैं?**

दिल्ली विधानसभा चुनाव में जो प्रत्याशी जीते हैं, उनकी औसत संपत्ति 21.28 करोड़ रुपये है। आम आदमी पार्टी से जीतने वाले संजीव झा इनमें सबसे कम संपत्ति वाले विधायक होंगे। उनकी कुल संपत्ति 14 लाख 47 हजार 331 रुपये है। वहीं, 259 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति के साथ शकूर बस्ती से चुने गए करनैल सिंह सबसे अमीर विधायक होंगे।

विधानसभा में कितने दागी प्रतिनिधि होंगे?-दिल्ली की नई विधानसभा में इस बार 70 में से 31 विधायक ऐसे होंगे, जिन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। यानी करीब 44 फीसदी जनप्रतिनिधि दागी होंगे। सबसे ज्यादा 19 मामले ओखला सीट से चुने गए अमानतुल्लाह खान पर दर्ज हैं। वहीं, 18 विधायक ऐसे होंगे, जिन पर दो या इससे ज्यादा केस दर्ज हैं।

विधानसभा में क्या होगा प्रतिनिधियों की शिक्षा का स्तर?-दिल्ली विधानसभा में इस बार शिक्षा का स्तर काफी बेहतर है। 70 में से 17 विधायक ऐसे हैं, जो कि पोस्ट ग्रैजुएशन कर चुके हैं। वहीं, दिल्ली में इस बार कोई भी जनप्रतिनिधि अनपढ़ नहीं है। विधायकों की शिक्षा का स्तर न्यूनतम पांचवीं पास है। वहीं उच्चतम शिक्षा की बात करें तो एक प्रतिनिधि डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त कर चुके हैं।

जहां सबसे पढ़े-लिखे विधायक भाजपा के डॉ. अजय दत्त होंगे। वहीं, सबसे कम-पढ़े लिखे जनप्रतिनिधि राम सिंह नेताजी हैं, जिन्होंने पांचवीं तक पढ़ाई की है। वहीं, दो विधायक- करतार सिंह तंवर सिविल इंजीनियरिंग में और सुरेंद्र कुमार इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमाधारक हैं।

### दिल्ली के नतीजों के बाद संजय राउत की आप और कांग्रेस को नसीहत

विपक्ष देश को आगे ले जाएगा- संजय राउत-शिवसेना यूबीटी सांसद ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा- भाजपा का कोई भविष्य नहीं है, यह सूजन है, यह अस्थायी है, अभी 10 साल हुए हैं, आने वाले समय में वे चले जाएंगे, विपक्ष देश को आगे ले जाएगा। वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया गठबंधन को लेकर संजय राउत ने कहा कि, इंडिया गठबंधन है और भविष्य में भी रहेगा।

ऐसा रहा दिल्ली विधानसभा चुनाव का नतीजा-दिल्ली में पांच फरवरी को मतदान के बाद आठ फरवरी को आए नतीजों में भाजपा ने बाजी मारते हुए 70 विधानसभा सीटों में 48 सीटों पर जीत हासिल की है। इसके साथ ही भाजपा ने केंद्र शासित प्रदेश में 26 साल सत्ता का सुख फिर से हासिल किया है। वहीं सत्ताधारी दल आम आदमी पार्टी को पिछले चुनाव के मुकाबले बड़ा झटका लगा है, जिसमें आप को 70 में से मात्र 22 सीटों पर जीत मिल सकी और सत्ता से बाहर होना पड़ा है। जबकि कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन पिछले दो विधानसभा चुनाव की तरह ही रहा, उसे किसी भी सीट पर जीत नहीं मिली। इसके साथ दिल्ली के तीन विधानसभा चुनाव में लगातार शून्य सीट के साथ कांग्रेस ने अनचाहा हैट्रिक रिकॉर्ड बनाया है।

### आतिशी ने छोड़ा मुख्यमंत्री पद उपराज्यपाल को सौंपा इस्तीफा

और दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया।मुख्यमंत्री पद से आतिशी के इस्तीफे के बाद उपराज्यपाल ने सातवीं दिल्ली विधानसभा को भंग कर दिया।

बता दें कि पिछले साल सितंबर में अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद आतिशी मुख्यमंत्री बनी थीं। उन्होंने 21 सितंबर को शपथ ली थी। वह करीब चार महीने से दिल्ली की मुख्यमंत्री हैं। दिल्ली विधानसभा के इस चुनाव में आप की बुरी हार हुई है।

भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत उल्लेखनीय है कि कभी 70 में से 67 और 70 में से 62 सीटें जीतने वाली आप इस बार 22 सीटों पर सिमट गई है। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला है और उसने 70 में से 48 सीटें जीतकर 27 साल बाद सत्ता में वापसी की है।

केजरीवाल-मनीष सिसोदिया समेत आम आदमी पार्टी के कई बड़े चेहरे हार गए हैं। हालांकि, आतिशी ने कालकाजी सीट (ऊ॰ उँ४ल्लं५ फी२४'३) से जीत हासिल की है। 5 फरवरी को दिल्ली की सभी 70 सीटों पर वोटिंग हुई थी। इस बार 60.54 फीसदी वोटिंग हुई है, जबकि पिछली बार 62.60 फीसदी वोटिंग हुई थी।

रमेश बिधूड़ी को 3580 वोटों से हराया

आतिशी शुरूआत में कालकाजी सीट से पीछे चल रही थीं, लेकिन उनकी किस्मत चमक गई है। क्योंकि उन्होंने यह सीट जीत ली है। उन्होंने चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी को 3580 वोटों से हराया है। चुनाव आयोग के मुताबिक, आतिशी ने 12 राउंड के बाद कालकाजी सीट पर 52058 वोटों से जीत दर्ज की है।

जनता के जनादेश स्वीकार

आम आदमी पार्टी को करारी हार मिलने के बाद सीएम आतिशी ने कहा कि मैं जनता के साथ-साथ अपनी टीम का भी धन्यवाद करना चाहती हूं, जिन्होंने हिंसा और गुंडागर्दी का सामना करने के बावजूद जमीनी स्तर पर कड़ी मेहनत की। वे कई मुश्किलों का सामना कर रहे लोगों तक पहुंचे। हम दिल्ली की जनता के जनादेश को स्वीकार करते हैं।

### पटना में कांग्रेसियों का प्रदर्शन, जंजीरें पहन नारेबाजी की; कहा- मोदी सरकार नहीं करती भारतीयों की इज्जत

भारतीयों के साथ गलत व्यवहार किया गया

इनकम टैक्स चौराहा पर रविवार दोपहर कांग्रेस के प्रदर्शन के कारण कुछ देर तक जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने भारतीयों का अपमान किया है। जिस तरह से अमेरिका से भारतीय को भारत वापस भेजा गया वह गलत था। उन्हें उसी तरीके से फ्लाइट से वापस लाया जाना चाहिए था, जैसे हम लोग यात्रा करते हैं। लेकिन, सरकार ने उन्हें हाथों में जंजीर और पैरों में बेड़ियां डालकर भेजा, जो पूरी तरह अपमानजनक है। केंद्र सरकार ने विरोध करने बजाय इस मामले पर चुप्पी साध ली।

बिहार की जनता एनडीए की मनसा जान चुकी है -वहीं दिल्ली विधानसभा चुनाव के बारे में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली की जनता के आदेश का हमलोग सम्मान करते हैं। हमारी पार्टी चुनाव परिणाम का स्वागत करती है। पार्टी आगे की रणनीति पर विचार कर रही है।

# भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली में हुई जीत पर टटीरी में मनाया जश्न

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। कस्बा अग्रवाल मंडी टटीरी में भाजपा कार्यकर्ताओ ने दिल्ली में हुई भाजपा की जीत पर आतिशबाजी छोड़कर जश्न मनाया ओर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर अरविंद शर्मा ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी, गृह मंत्री अमित शाह की कुशल रणनीति और भाजपा के देवतुल्य कार्यकताओं की मेहनत के साथ-साथ दिल्ली की जनता की जीत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की कुशल रणनीति और भाजपा के देवतुल्य



कार्यकताओं की मेहनत का ही नतीजा है कि दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा प्रचंड जीत के साथ सत्ता में आई है। उन्होंने कहा कि यह जीत केजरीवाल की लूट और झूठ की सरकार के खिलाफ दिल्ली की जनता की जीत है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय नेतृत्व और भाजपा के देवतुल्य कार्यकताओं सहित दिल्ली की जनता को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा की ऐतिहासिक जीत ने यह साबित कर दिया है कि दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी की सरकार से पूरी तरह से परेशान होकर उससे छुटकारा चाहती थी। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल भाजपा की नहीं बल्कि जनता के विश्वास, विकास और मोदी की गारंटी की जीत है।

इस अवसर पर मनोज आर्य सभासद ,अनिरुद्ध शर्मा, विवेक गर्ग, रविंद्र वशिष्ठ ,राजीव मानव ,बोबी, आशीष शर्मा, विशेष शर्मा, मनीष जिंदल ,अंकित जिंदल, अटल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में हुआ विदाई समारोह का आयोजन



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बागपत में कक्षा 12 की छात्रों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

विदाई समारोह में कक्षा 11 की छात्राओं द्वारा अपनी बड़ी बहनों को तरह-तरह के सांस्कृतिक प्रोग्राम के द्वारा तथा पुराने पलों को याद करते हुए अपने साथ बिताए हुए पलों को कार्यक्रमों द्वारा तथा विभिन्न गीतों द्वारा याद किया। इस अवसर पर छात्राएं अपने साथ बिताए हुए पलों को याद करके बहुत भावुक हो रही थी। विद्यालय में आना,विद्यालय से जाना, यहां पर तरह-तरह की बातें, अलग-अलग तरह का कार्य, सभी पलों को छात्राओं ने अपने गीतों में संजोकर सबके सामने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई।विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉक्टर प्रीति शर्मा द्वारा छात्राओं को परीक्षा के लिए टिप्स बताए गए तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना के लिए आशीर्वचन कहे गए। विद्यालय के समस्त कार्यों का समन्वय बाबूराम रोहित तथा दीपक द्वारा किया गया था।

इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षक, शिक्षिकाएं इंदु , वंदना शर्मा, कृष्णा कुमारी, हुकुम सिंह, आशु रानी कविता, छवि श्रीवास्तव ,मंजू रानी ,रवीना, कोमल पूनम आदि उपस्थित रहे।

# रामायण के धार्मिक प्रसंग पर चंद्रकांता सभागार में हुई शूटिंग

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली,अपना शहर भी धीरे धीरे शूटिंग का हब बनते जा रहा है।जिसके माध्यम से शहर के रंगकर्मी,कलाकारों को अब काम के लिए मुम्बई या दिल्ली जैसे महानगरों की ओर जाने की अब जरूरत महसूस नहीं होती है।बरेली के प्रसिद्ध चिकित्सक समाजसेवी डॉ. प्रमेन्द्र माहेश्वरी जैसे व्यक्ति इन कलाकारों को हमेशा प्रोत्साहित करते रहते हैं।स्थानीय चंद्रकांता सभागार में कुछ रामायण के धार्मिक प्रसंगों की शूटिंग वरिष्ठ रंगकर्मी निर्देशक राकेश रत्नाकर द्वारा हुई।जिसमें



स्थानीय कलाकारों के साथ ही बाहर से आये कलाकारों ने भाग लिया जिनमें देवेन्द्र रावत,सुनील धवन,संजय मठ,आशीष नारायण,हर्षिता कोली,जूही कोहली,आशुतोष अग्निहोत्री,अंशुल चौहान,लव शर्मा,पलक,हिमानी पाराशरी, आशीष कश्यप,समायर, मिनी,आयुष अग्रवाल आदि ने अभिनय किया।

निर्देशक राहुल गुप्ता,मुख्य सहायक निर्देशक अनिकेत राजपूत,मेकअप राहुल शर्मा,डी.ओ. पी.सुशान्त थे।

# बरेली में डॉग शो 23 को 200 से अधिक डॉग्स करेंगे प्रतिभाग



**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। रोहिलखंड कैनाइन क्लब द्वारा 23 फरवरी को ऑल ब्रीड चैंपियनशिप डॉग शो का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत डॉग शो के आयोजकों अभय तिलक आदि ने शनिवार को केनल फार्म हाउस पर पल रहे विभिन्न प्रजाति के डॉग्स के बारे में बताया।

उन्होंने बताया कि यह डॉग शो आईवीआरआई परिसर में 23 फरवरी को आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी क्लब के पदाधिकारियों ने एक प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि इस डॉग शो में देसी-विदेशी नस्ल के कुत्तों की प्रदर्शनी भी लगेगी। अब तक लगभग 60 इंट्री हो चुकी हैं, लगभग 200 इंट्री होने की संभावना है।

निर्णायक मंडल में कैनाइन जज कानपुर और अमृतसर से आयेंगे। सोनी सिंह, हरि घोष, राकेश भंडारी, अलीराय, अमित यादव, संदीप वी. नक्षत्र, अभिजीत पावड़े, अभय तिलक, राकेश भंडारी, डा. डीके टंडन, अमित टण्डन पवन भंडारी, मंजू भंडारी, प्रीति तिलक आदि मौजूद रहे।

# जूनियर हाई स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बरेली। श्री विष्णु बाल सदन जूनियर हाई स्कूल में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। डॉक्टर अरुण कुमार सक्सेना वन राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के कर कमलों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें हमारी सांस्कृतिक छटा को बिखेरते हुए व एतिहासिक वीरों की वीरता को नमन करते हुए झाँसी की रानी के शौर्य को ओत प्रोत करता हुआ नाटक का मंचन किया गया! मुख्य अतिथि डॉक्टर अरुण कुमार सक्सेना के द्वारा लगातार तालियाँ बजाकर बच्चों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा



की वातावरण तालियों की गर्जन से गूंजता रहा।

मुख्य अतिथि के द्वारा बच्चों को शुभाशीष देते हुए विद्यालय परिवार की अत्यधिक प्रशंसा की गई। प्रबंधक सुधीर कुमार अग्रवाल द्वारा विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। प्रधानाचार्या मंजू खत्री ने विद्यालय की उन्नति पर प्रकाश डालते हुए सभी सम्मानित उपस्थित सज्जनों का आभार प्रकट किया और भविष्य में भी उनके सहयोग की अपेक्षा की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्या मंजू खत्री , अध्यक्ष हरीश चन्द्र अग्रवाल, प्रबंधक सुधीर कुमार अग्रवाल , राम प्रकाश अग्रवाल , प्रेम शंकर अग्रवाल, संजय गोयल , शशिकान्त मोदी , नरसिंह मोदी , सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल , नरेश कुमार अग्रवाल , शान्तनु अग्रवाल , अंकुर अग्रवाल , विशाल मेहरोत्रा, शिक्षिकावर्ग, भारी संख्या में अभिभावकगण, विष्णु इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य ,शिक्षकवर्ग मौजूद रहे।

# सीएम ग्रिड परियोजना : 24 मीटर चौड़ी सड़क बनाने के लिए आठ कोठियां होंगी ध्वस्त

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। मॉडल टाउन में सीएम ग्रिड परियोजना के तहत 24 मीटर चौड़ी सड़क बनाने के लिए आठ मकानों का हिस्सा बाधा बन रहा है। नगर निगम ने इन मकानों को अवैध अतिक्रमण मानते हुए लाल निशान लगाकर जल्द ही नोटिस जारी करने की तैयारी कर ली है। इस फैसले से प्रभावित मकान मालिकों में आशंका और चिंता बढ़ गई है।

परियोजना के तहत कुष्ठ आश्रम रोड से रेलवे लाइन, डीडीपुरम चौराहा होते हुए गंगाशील अस्पताल तक और सेंट फ्रांसिस स्कूल से गुप्ता वॉच तक करीब 3,400 मीटर लंबी सड़क का निर्माण




किया जा रहा है। पहले चरण में 58.17 करोड़ रुपये के बजट से काम शुरू हुआ है, जिसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लखनऊ से मॉनिटरिंग की जा रही है।

सड़क निर्माण कार्य के दौरान बिजली लाइनों को भूमिगत करने के लिए 1,500 मीटर के क्षेत्र में सर्वेक्षण किया गया है। सोमवार तक पूरा सर्वे हो जाएगा। बिजली विभाग के एई ओम प्रकाश ने बताया कि सर्वे के बाद यह तय होगा कि कितने पोल और ट्रांसफार्मर हटाए जाने हैं।

नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि इन आठ मकानों का कुछ हिस्सा अतिक्रमण में आता है, जिससे सड़क की चौड़ाई कहीं 23 मीटर, तो कहीं 21 मीटर रह गई है। ऐसे में नियमानुसार मकान मालिकों को नोटिस देकर अतिक्रमण हटाया जाएगा।

# साप्ताहिक पैंठ बाजार नहीं हटाए जाएंगे : मुख्य सचिव

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गाजियाबाद। साप्ताहिक पैंठ बाजार हटाए जाने की पुलिस की मुहिम से परेशान चल रहे दुकानदारों को बड़ी राहत मिली है। शनिवार को गाजियाबाद आए प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा है कि पुलिस को बाजार हटाने का अधिकार नहीं है। दुकानदारों के लिए नई जगह की व्यवस्था हो जाने तक साप्ताहिक पैंठ बाजारों को हटाया नहीं जाएगा।

मुख्य सचिव का यह बयान आने से पहले पुलिस सिटी और ट्रांस हिंडन जोन में 15 बाजारों को हटवा चुकी है। इनमें विजयनगर और संजयनगर के पैंठ बाजार शामिल हैं। इस कार्रवाई के विरोध में शुक्रवार को दुकानदार सड़क पर उतर आए थे। उन्होंने लोनी के भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर के नेतृत्व में नवयुग मार्केट से कलेक्ट्रेट तक जुलूस निकाला था। कलक्ट्रेट में प्रदर्शन कर एडीएम को ज्ञापन सौंपा था।

**प्रताप विहार और शास्त्रीनगर में लगे साप्ताहिक पैंठ बाजार**

गाजियाबाद। मुख्य सचिव मनोज कुमार के बयान के बाद बंद पड़े साप्ताहिक पैंठ बाजार शनिवार को गुलजार हो गए। विजयनगर क्षेत्र के प्रताप विहार और कविनगर के शास्त्रीनगर में बाजार देर शाम तक गुलजार रहे। प्रताप विहार पैंठ बाजार में पहुंचे लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर का साप्ताहिक पैंठ बाजार रेहड़ी- पटरी स्व मजदूर संघ ने स्वागत किया। वहीं, बाजार लगाने की तैयारियों में जुटे दुकानदारों के चेहरों पर कई दिनों बाद मुस्कान दिखी। दोपहर से बाजार में गश्त कर रही पुलिस ने दुकानदारों को सड़क पर बाजार न लगाने की हिदायत देकर चली गई। मौके पर साप्ताहिक पैंठ बाजार रेहड़ी पटरी स्व मजदूर संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश, महामंत्री प्रदीप शर्मा, शैलेंद्र अग्निहोत्री, रामनारायण शर्मा, मोहित डबास, चिंटू हांडा और पटेल नगर की पार्षद शीतल चौधरी मौके पर पहुंचे और दुकानदारों को पैंठ लगाने को कहा। विधायक ने कहा कि दुकानदारों की पीड़ा लखनऊ तक गूंजी है। 25-30 हजार परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट टल गया है। अब नगर निगम उन्हें जगह मुहैया कराएगा।

# जीआरपी ने पकड़े यात्रियों से सामान चोरी करने वाले चार बदमाश

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गाजियाबाद। ट्रेनों में यात्रियों का सामान चोरी करने वाले चार बदमाशों को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। हरियाणा के चारों बदमाशों से चोरी का करीब 12 लाख रुपये का सामान बरामद किया गया है।

जीआरपी के क्षेत्राधिकारी सुदेश गुप्ता ने बताया कि ट्रेन से सामान चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी का माल भी बरामद किया है। पकड़े गए बदमाशों में मुकेश निवासी ग्राम जानी थाना करनाल हरियाणा, सुभाष कुमार निवासी इंदिरा कालोनी करतारपुरा थाना रोहतक, विनोद कुमार निवासी जोदन कलां थाना इसराना जिला पानीपत और राजवीर निवासी इंदिरा कालोनी करतारपुरा थाना रोहतक हरियाणा हैं। बताया कि पकड़े गए बदमाशों से करीब 12 लाख रुपये का माल भी बरामद हुआ है।

आरोपियों ने आठ चोरी की घटनाएं स्वीकार की हैं। सीओ जीआरपी सुदेश गुप्ता और इंस्पेक्टर जीआरपी नवरत्न गौतम के मुताबिक चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म नंबर पांच और छह से आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से अंगूठी, चेन, टाप्स बरामद किए गए हैं। पूर्व में भी चारों के खिलाफ चोरी के कई मुकदमे दर्ज हैं।

# पांच दिनों से भूखा बाघ अगले शिकार की फिराक में, टीम

लखनऊ। ग्रामीणों में नाराजगी है कि वन विभाग, डब्लूटीआई और बाघ को ट्रांकुलाइज करने के लिए तैनात डॉक्टरों को बाघ नजर नहीं आ रहा है। रविवार सुबह वन विभाग की टीम को रहमान खेड़ा में मुख्य मार्ग पर बाघ के आने व जाने के कई पगचिह्न मिले है।

रहमानखेड़ा में बाघ बीते मंगलवार से भूखा है। इस बीच उसने गाय पर हमला तो किया लेकिन उसे निवाला बना पाने में नाकाम रहा। ग्रामीणों का कहना है कि भूखा बाघ अब अगले शिकार की फिराक में है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग के लिए यह चौकन्ना रहने का समय है। बाघ के रेस्क्यू के लिए यह एक अच्छा मौका साबित हो सकता है।

इधर रविवार को ग्रामीणों



को बागवानी संस्थान के बाहर बाघ बेखौफ होकर इलाके में लगातार चहलकदमी करता दिखाई दिया। लोगों में नाराजगी है कि वन विभाग, डब्लूटीआई और बाघ को ट्रांकुलाइज करने के लिए तैनात डॉक्टरों को बाघ नजर नहीं आ रहा है। रविवार सुबह वन विभाग की टीम को रहमान खेड़ा में मुख्य मार्ग पर बाघ के आने व जाने के कई पगचिह्न मिले है। बाघ अब 20वें शिकार की कोशिश और फिराक में नजर आ रहा है। वन विभाग का कहना है कि शिकार की आशंका को लेकर टीम एलर्ट मोड पर है। टीम के लोगों का कहना है कि संस्थान में बाघ के प्रवेश मार्ग पर पड़वा बांध कर उसे घेरने की जुगत लगा रहे है।

वहीं रविवार को अपर मुख्य प्रधान वन संरक्षक टाइगर प्रोजेक्ट उत्तर प्रदेश ने भी बाघ रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। डीएफओ सितांशु पांडे के मुताबिक बाघ ने शिकार के लिए सहिलामऊ गांव में पालतू गाय पर हमला किया था लेकिन शिकार में वह नाकाम रहा था। बाघ ने उलरापुर की तरफ व केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के अंदर काफी चहलकदमी की है। बाघ की चहलकदमी संस्थान जाने वाली मुख्य सड़क पर भी पाई गई। इस सड़क पर बाघ के आने व जाने के कई जगहों पर पगचिह्न भी मिले है। वन विभाग की ट्रेकिंग टीम ने सड़क पर बाघ की चहलकदमी की पुष्टि की है।

# नेहरू युवा केंद्र ने जीता राज्य स्तरीय क्रिकेट टूनार्मेंट

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गाजियाबाद। कन्नौज में चल रहे छठे ओम प्रकाश पाठक राज्य स्तरीय क्रिकेट टूनार्मेंट में जिले की जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र टीम विजेता (जेएनएनवाईसी) बनी। कन्नौज क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस टूनार्मेंट का फाइनल मैच जेएनएनवाईसी और मैनपुरी टीम के बीच खेला गया।

जेएनएनवाईसी ने मैनपुरी को 64 रन से मात दी। टॉस जीतकर जेएनएनवाईसी ने बल्लेबाजी करके



निर्धारित 30 ओवर में नौ विकेट खोकर 192 रन बनाए। प्रियांश चौधरी ने 60, प्रतीक ने 38 और विकास ने 20 रन बनाए। विरोधी टीम से गेंदबाजी शुभ अग्रवाल ने चार और अमित यादव ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मैनपुरी टीम 23.2 ओवर में 128 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। अभिषेक ने 56, निशु और अनु ने 20-20 रन का योगदान दिया। जेएनएनवाईसी से गेंदबाजी में आनंद कुमार ने मात्र 17 रन देकर पांच विकेट लिए जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। कप्तान आयुष चौहान ने 20 रन देकर तीन विकेट लिए।

## संपादकीय

### रेपो दरों में कमी से आर्थिकी को गति

कुछ ही समय पहले संसद में पेश सालाना बजट में सरकार ने आयकर को लेकर राहत की घोषणा की थी। अब एक हफ्ते बाद रिजर्व बैंक ने रेपो रेट कम करके आम आदमी को राहत देने की एक और कोशिश की है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद रेपो रेट में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती की घोषणा की है। इस तरह अब रेपो रेट 6.5 प्रतिशत से घटकर 6.25 रह गया है। सही मायनों में भारतीय अर्थव्यवस्था की चुनौतियों और बदलते अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य के मद्देनजर केंद्रीय बैंक ने आखिरकार बहुप्रतीक्षित दर में कमी की दिशा में कदम बढ़ाया है। यह पिछले पांच वर्षों में कटौती की दिशा में उठाया गया पहला कदम है। जो आर्थिक विकास और मुद्रास्फीति को संतुलित करने की दिशा में केंद्रीय बैंक के दृष्टिकोण में आए बदलाव का संकेत भी देता है। निश्चित रूप से यह निर्णय ऐसे समय में सामने आया है जब देश की आर्थिक गति धीमी नजर आ रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर का 6.7 फीसदी रहने का अनुमान लगाया जा रहा है। निश्चय ही यह वर्ष 2023-24 में हासिल की गई 8.2 प्रतिशत दर से काफी कम है। अब तक केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के मकसद से रेपो दर में कटौती से बचता रहा है। दरअसल, राजनीतिक नफा-नुकसान की दृष्टि से महंगाई का मुद्दा बेहद संवेदनशील होता है। विपक्ष महंगाई बढ़ने को सतारूढ़ दल की विफलता के रूप में दशार्ने की ताक में रहता है। हालांकि, अभी भी मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक के चार फीसदी के लक्षित मानक स्तर से ऊपर बनी हुई है। लेकिन धीमी पड़ती विकास दर की चुनौती को देखते हुए विकास व मुद्रास्फीति में संतुलन बनाने की कवायद की गई है। हालांकि, आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अपनी पहली नीतिगत समीक्षा में लंबे समय तक दर कटौती चक्र की अटकलों को खारिज किया है। बहरहाल, देश के उद्योग जगत की हस्तियों ने रेपो दर में कटौती का स्वागत किया है। इसके बावजूद ऋण लेने की लागत पर इसके प्रभाव को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। हालांकि, कुछ आर्थिक मामलों के जानकार मानते हैं कि रेपो दर में कटौती बेहद कम है और इसका लाभ देर से मिलेगा। इसकी मूल वजह यह भी है कि बैंक, पहले से ही नकदी तरलता की कमी का सामना कर रहे हैं। संभव है कि बैंक लोन लेने वालों को तुरंत लाभ न दें। वैसे रेपो दर में कटौती के बाद उपभोक्ताओं के ऋण की ईएमआई कम होने की उम्मीद तो जगी है। इसके अलावा केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीति से परे वित्तीय लेनदेन में साइबर सुरक्षा बढ़ाने के उपाय भी किए हैं। जिसमें बैंकों व गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थानों के लिये अलग डोमेन की जरूरत को महसूस किया गया है। दरअसल,इसका मकसद डिजिटल धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने और ऑनलाइन बैंकिंग में उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ाना है। निश्चित ही लगातार बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए यह अतिरिक्त सुरक्षा उपाय स्वागत योग्य ही है। इसके अलावा आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एक अप्रैल से लागू होने वाले प्रस्तावित कड़े बैंकिंग मानदंडों को स्थगित करने की बात कही है। जो उनके पूर्ववर्ती की तुलना में अधिक लचीले नियामक रुख का संकेत भी है। निश्चय ही यह कदम बैंकों के ऋण प्रवाह को बाधित किए बिना तरलता और पूंजी आवश्यकताओं के अनुकूलन के लिये अधिक समय प्रदान करता है। आज पूरी दुनिया आर्थिक अनिश्चितताओं के दौर से गुजर रही है। जिसके मूल में अस्थिर ऊर्जा कीमतें और ट्रंप के सत्ता में आने के बाद अमेरिका की आक्रामक मौद्रिक नीतियां हैं, जो नये जोखिम पैदा करती हैं। फिलहाल आरबीआई का सतर्क बदलाव वित्तीय स्थिरता को मुश्किल में डाले बिना विकास को गति देने के प्रयास को ही दशार्ता है। वहीं दूसरी ओर आम आदमी की आकांक्षा है कि उसे सस्ता होम व कार लोन मिले। जो ऋण लिया गया है उसकी ईएमआई कम हो तथा ऋण मुक्ति की अवधि कम हो सके। बहरहाल, मध्यवर्ग क्लास फील गुड की मनोदशा में है।

# दिल्ली में भाजपा ने जीत की नई इबारत लिखी

**इन चुनाव परिणामों ने कांग्रेस को भी आइना दिखा दिया है। उसने जिस तरह से भारत की ह्यसर्वजन हिताय सर्वजन सुखायह्व की भावना को दबाया, सनातन परंपरा को दबाया एवं मोदी विरोध के नाम पर देश-विरोध पर उतर आयी, यही मूल्यहीन राजनीति उसकी हार का कारण बनी। अनेक वर्षों तक दिल्ली पर राज करने वाली कांग्रेस सत्ता में वापस आने के लिए इतनी बेचैन दिखाई दी कि वो हर दिन नफरत, द्वेष एवं घृणा की राजनीति करती रही है। कांग्रेस सांप्रदायिकता और जातिवाद के विष को दिल्ली चुनाव में भी उडेला। हिंदू समाज को तोड़ना और उसे अपनी जीत का फॉमूर्ला बनाना ही कांग्रेस की राजनीति का आधार बना और यही उसको रसातल में ले जाने का बड़ा कारण बना है।**



दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए न केवल 27 साल के वनवास को खत्म करने में कामयाब हुई है बल्कि देश की राजधानी को एक नया विश्वास, नया जोश एवं गुड गवर्नेंस का भरोसा दिलाने को तत्पर हो रही है। निश्चित ही चुनाव मोदी के नाम पर लड़े गये और दिल्ली की जनता ने मोदी पर भरोसा जताया है। एक बार फिर मोदी का जादू चला एवं उनके करिश्माई राजनीतिक व्यक्तित्व ने नया इतिहास रचा है। दिल्ली में भाजपा ने जीत की नई इबारत लिखी है। दिल्ली में 11 साल के बाद डबल इंजन की सरकार बनने से दिल्ली की बुनियादी समस्याओं का हल होते हुए दिख रहा है, बल्कि दिल्ली के विकास की नई गाथा लिखे जाने की शुभ शुरूआत हो रही है। अब दिल्ली में न केवल वायु प्रदूषण दूर होगा, बल्कि यमुना नदी का प्रदूषण दूर करते हुए उसका कायाकल्प किया जायेगा। चुनाव परिणामों में आम आदमी पार्टी चुनाव को जिस तरह की हार का सामना करना पड़ा है उससे आप सिर्फ सत्ता से ही बेदखल नहीं हो रही बल्कि आप एवं केजरीवाल के राजनीतिक जीवन पर भी ग्रहण लगता हुआ दिखाई दे रही है। कांग्रेस के लिये भी अपनी राजनीतिक जमीन बचाने एवं सत्ता में वापसी का सपना बूरी तरह पस्त हो गया है।

दिल्ली की लगभग सभी सीटों पर मतदाताओं ने सुशासन, भ्रष्टाचार मुक्ति, विकास एवं मुक्त की सुविधाओं के नाम पर वोट डाले हैं। दिल्ली में मुस्लिम बहुल इलाके हों, गांधी नगर जैसे कारोबारी क्षेत्र हों या फिर पूर्वी दिल्ली का पटपड़गंज हो, या मुस्तफाबाद जैसे पिछडे. इलाके सभी जगहों पर आप को करारा झटका लगा है। हिन्दुत्व की ताकत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक एवं भाजपा की सुनियोजित चुनाव रणनीति ने भाजपा को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी-शाह की जोड़ी ने करिश्मा कर दिखाया है। आप एवं कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की हार ने तय किया कि राजनीति में राजशाही सोच, अहंकार एवं बड़बोलापन कामयाब नहीं है। दिल्ली के विकास मॉडल को पूरे देश में केजरीवाल सर्वश्रेष्ठ बताते रहे हैं, उसी दिल्ली की दुर्दशा, उससे जुड़े झूठे बयानों एवं तथ्यों के कारण आप हारी है।. इस तरह केजरीवाल की राजनीति पर मतदाताओं ने सवालिया निशाने लगा दिये हैं। केजरीवाल के लिये इन चुनाव परिणाम के बाद संकट के पहाड़ खड़े होने वाले है।

जिस अन्ना आंदोलन से अरविंद केजरीवाल का नाम पूरे देश में सामने आया। केजरीवाल ने उन्हीं अन्ना को नकार दिया था। दिल्ली चुनाव के रुझानों पर अन्ना हजारे ने कहा कि मैं बार-बार बताता गया, लेकिन उनके दिमाग में नहीं आया और वे शराब को ले आए। शराब यानी धन-दौलत से वास्ता हो गया। अन्ना ने कहा कि चुनाव लड़ते समय उम्मीदवार को आचार शुद्ध होना, विचार शुद्ध होना, जीवन निष्कलंक और त्याग होना जरूरी है। अगर ये गुण उम्मीदवार में हैं तो मतदाताओं को उन पर विश्वास होता है। लेकिन केजरीवाल एवं आप के उम्मीदवारों में ये गुण दूर-दूर तक दिखाई नहीं देते हैं, यही आप की करारी हार का कारण बना है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल की परिस्थितियों में बड़ी समानता रही हैं, पर हेमंत की तरह केजरीवाल दिल्ली की जनता का दिल जीतने में नाकामयाब रहे। दिल्ली में आप की हार केजरीवाल के लिए एक बड़ा व्यक्तिगत झटका है, जिससे राजनीति में उनके भविष्य को लेकर सवाल उठने लगे हैं। दिल्ली का असर पंजाब की सियासत पर भी पड़ेगा। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी के विस्तार को लेकर अरविंद केजरीवाल की योजना धुंधली पड़ जायेगी। इंडिया गठबंधन के जो दल कांग्रेस के बजाय आम आदमी पार्टी के साथ खड़े थे, वो फिर से दूरी बनाते नजर आएंगे।

इन चुनाव परिणामों ने कांग्रेस को भी आइना दिखा दिया है। उसने जिस तरह से भारत की ह्यसर्वजन हिताय सर्वजन सुखायह्व की भावना को दबाया, सनातन परंपरा को दबाया एवं मोदी विरोध के नाम पर देश-विरोध पर उतर आयी, यही मूल्यहीन राजनीति उसकी हार का कारण बनी। अनेक वर्षों तक दिल्ली पर राज करने वाली कांग्रेस सत्ता में वापस आने के लिए इतनी बेचैन दिखाई दी कि वो हर दिन नफरत, द्वेष एवं घृणा की राजनीति करती रही है। कांग्रेस सांप्रदायिकता और जातिवाद के विष को दिल्ली चुनाव में भी उडेला। हिंदू समाज को तोड़ना और उसे अपनी जीत का फॉमूर्ला बनाना ही कांग्रेस की राजनीति का आधार बना और यही उसको रसातल में ले जाने का बड़ा कारण बना है। कांग्रेस की जातिगत जणगणना की मांग भी उसकी विभाजनकारी नीति को ही दशार्ती रही है, जो उसके हार को सुनिश्चित करने का बड़ा कारण बना। एक राष्ट्रीय दल, सबसे पुराना दल, पांच दशकों तक देश पर शासन करने एवं दिल्ली में लगातार तीन बार सत्ता में रहने वाले दल को एक-दो सीटों पर ही उसकी जीत होना उसकी हास्यास्पद एवं लगातार कमजोर होने की स्थितियों को ही दर्शा रहा है।

दिल्ली में कांग्रेस के तेवरों से साफ है कि मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने में नाकामी के बाद उसने शायद अपने पुनरुत्थान के लिये दिल्ली के चुनाव को आधार बना लिया था, इसमें कोई बुराई नहीं, पर यह काम आसान नहीं रहा, कांग्रेस के सपने टूट कर बिखर गये। कांग्रेस की दिल्ली में दुर्दशा ने लगभग तय कर दिया है कि मतदाता की नजरों में उसकी क्या अहमियत है? कांग्रेस ने न केवल खुद को बल्कि इंडिया गठबंधन को भी जर्जर बना दिया है। यह एक पुरानी कहावत है कि देश जैसी सरकार के योग्य होता है, वैसी ही सरकार उसे प्राप्त होती है ह्ल दिल्ली में भी ऐसी ही सरकार बनने जा रही है, जो दिल्ली के हितों को प्राथमिकता देगी। दिल्ली में बीजेपी की जीत हुई, वह अधिक मजबूत होकर उभरी है, मोदी एवं भाजपा के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है। इसका असर बिहार के चुनाव में भी सकारात्मक होता हुआ दिख रहा है। राजशाही के विपरीत लोकतन्त्र में जनता के पास ही उसके एक वोट की ताकत के भरोसे सरकार बनाने की चाबी रहती है और ऐसा दिल्ली में होता हुआ दिखा है। दरअसल, जनता के हाथ की इस चाबी को अपने पक्ष में घुमाने एवं जीत का ताला खोलने के लिये यह मुफ्त की संस्कृति, विभाजनकारी राजनीति एवं सनातन-विरोधी स्वर ने आप एवं कांग्रेस को औंधे मुंह गिरा दिया है, इस गिरावट से उभरने की संभावनाएं भी दोनों दलों के लिये एक बड़ी चुनौती है।

दिल्ली के चुनाव एक महायुद्ध था, जो कितने ही मुद्दों को अपने में समेटे हुए रहा। यह अनेक नेताओं एवं दलों के अस्तित्व को बचाने का भी महासंग्राम था। चुनाव में जब सेवा-सुशासन का मूल उद्देश्य गायब हो जाता है, केवल दलगत स्वार्थ और सत्ता प्राप्ति की होड़ मुख्य हो जाती है तब दिल्ली जैसे अप्रत्याशित परिणाम ही सामने आते हैं। राजनीति में केजरीवाली प्रवृत्ति एक नई संस्कृति का स्थान लेती रही है, जिसने हमारे सभी नैतिक मूल्यों को तार-तार कर दिया था, बहुत चर्चा होती रही है कि दिल्ली के विकास में अनेक सुराख हो गये हैं, लोगों का सांस लेना दुश्वार हो रहा था तो यमुना प्रदूषित हो गयी थी, सड़के खड्डों में तब्दील हुई तो चिकित्सा-शिक्षा व्यवस्था चरमराई। इसलिए दिल्ली के जीवन को खतरा था। दिल्ली में ऐसे सुराख (ब्लैक होल) हो गये थे, जहां नेता पाप करके छुपते रहे हैं। आप नेताओं के दिमाग में सुराख ही सुराख हो गये थे, जिससे मवाद टपकता दिखाई देता था। ये सब स्थितियां दिल्ली को अच्छे भविष्य की ओर नहीं ले जा रही थी, दिल्ली जब कीचड़ में थी, तब आप एवं उसके नेता एक कदम आगे बढ़ने के प्रयास में दो कदम पीछे फिसलते रहे। स्थितियों की इसी विपरीतता ने दिल्ली की जनता को जगाया, एक-एक व्यक्ति दिल्ली के व्यापक हित को अपने हित से ऊपर समझते हुए भाजपा को जीत का सेहरा बांधा है। निश्चित ही दिल्ली में नये सूरज का अवतरण हुआ है, और उसका भविष्य शुभ एवं श्रेयस्कर दिखाई दे रहा है।

# आसन्न चुनौतियों के अनुरूप हो वित्तीय संबल

दशकों तक देश में नीति-नियंताओं की यह सोच मानक रही है कि जब बहुत ज्यादा आवश्यकता होगी, तभी बटुआ ढीला करेंगे। यह आग लगने पर कुआं खोदने जैसा है। वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध में यही हुआ था, और भारी कीमत चुकाकर राष्ट्रीय संप्रभुता को पुनः प्राप्त किया जा सका था।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए रक्षा आवंटन 6,81,210 करोड़ रुपये रखा गया है यानी लगभग 78.7 बिलियन डॉलर। इतनी राशि मामूली नहीं है, जोकि केंद्र सरकार के सकल व्यय (सीजीई) का 13.45 प्रतिशत तो राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद का तकरीबन 1.91 प्रतिशत है। हालांकि, बजट भाषण में रक्षा आवंटन का कोई उल्लेख नहीं था और यह अदृश्यता दिलचस्प है।

इस अदृश्यता के बावजूद, इस राशि को विभिन्न अन्य पैमानों के संदर्भ में देखे जाने की जरूरत है और कुल मिलाकर निष्कर्ष निकलता है कि भारतीय सशस्त्र बलों की युद्धक क्षमता को मौजूदा जरूरतों के अनुरूप सुनिश्चित बनाने के लिए जितना धन चाहिए, यह आवंटन उससे कम है। वैश्विक स्तर पर, 2024 में, अमेरिका का सैन्य खर्च 916 बिलियन डॉलर था और 296 बिलियन डॉलर के साथ चीन दूसरे स्थान पर था। यहां यह याद रखना जरूरी है कि 2018 में रक्षा संबंधी स्थायी समिति (एससीओडी) ने रक्षा मंत्रालय के लिए आवंटन का मापदंड जीडीपी का 3 प्रतिशत रखने की सिफारिश की थी ताकि सशस्त्र बलों की उपयुक्त स्तर की तैयारी सुनिश्चित करने वाले राष्ट्रीय पारिस्थितिकी तंत्र को निरंतर खाद-पानी और पोषण मिलता रहे।

हालांकि, यह तीन प्रतिशत आवंटन एक मायावी आंकड़ा बना हुआ है और पिछले चार वर्षों में यानी 2020-21 से मौजूदा वित्तीय वर्ष तकझ्र इस मद में गिरावट आई है। 2020-21 के लिए रक्षा आवंटन जीडीपी का 2.4 प्रतिशत था, जो 2025-26 के लिए घटाकर 1.91 फीसदी कर दिया गया है। पिछले कुछ सालों में इस अंतर की तरफ ध्यानाकर्षण तो बना है, लेकिन यह स्पष्ट है कि टीम मोदी द्वारा यह राजनीतिक निर्णय लिया गया है कि क्षेत्रीय भू-राजनीतिक माहौल और आंतरिक सुरक्षा चुनौतियां जटिल और चुनौतीपूर्ण बनी रहने के बावजूद रक्षा आवंटन कम रहेगा। वर्ष 2018 में, एससीओडी ने यह सिफारिश भी की थी कि थल सेना के मामले मेंझ्र जो कि फौज की प्रमुख शाखा है और मूलतः मानव बल आधारित हैझ्र उसमें उपकरणों/साजो-सामान का मिश्रण आदर्शक रूप से ऐसा हो कि 30 प्रतिशत धन नए उपकरणों के लिए, 40 प्रतिशत मौजूदा साजो-सामान के वास्ते और 30 प्रतिशत पुरानी पीढ़ी के शस्त्रागार पर लगाया जाए।

लेकिन हकीकत गंभीर है। मार्च 2023 में, सेना ने एक स्पष्ट खुलासे में, स्थायी समिति को अवगत कराया कि सेना के केवल 15 प्रतिशत उपकरणों को ही नए उपकरण श्रेणी में



रखा जा सकता है, जबकि लगभग 45 प्रतिशत अस्त्र-शस्त्र-उपकरण पुराने पड़ चुके हैं। सेना के प्रतिनिधि ने संसदीय समिति को यह भी बताया कि 30:40:30 वाली आदर्शक स्थिति पाने को हमें कुछ वक्त लगेगा। अपर्याप्त राजकोषीय आवंटन और रणनीतिक योजना की विसंगति के कारण पिछले एक दशक में भारतीय सेना की समग्र लड़ाकू क्षमता घटती चलती गई है। आत्मनिर्भरता पाने का शोर मचाने पर ज्यादा जोर देने से इसमें और जटिलता आई है। भारत द्वारा रक्षा मामले में आत्मनिर्भरता की कोशिशें वैश्विक लिहाज से वास्तव में जरूरी हैं, लेकिन युद्धक क्षमता बनाम स्वदेशीकरण एवं आत्मनिर्भरता के मामले में हकीकत उत्साहजनक नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में भारत के रक्षा और सैन्य क्षेत्र में सुधार के सराहनीय संकल्प के साथ पदभार संभाला था और आत्मनिर्भरता बनाने को एक मुख्य मिशन के रूप में चिह्नित किया था। लेकिन एक दशक बाद भी, समग्र दृश्यावली मिश्रित और अपारदर्शी है।

एक व्यापक समीक्षा बताती है कि भले ही इस उद्देश्य की प्राप्ति में कुछ सफलता गाथाएं हैं और कुछ बड़ी परियोजनाएं पूरी होने की प्रक्रिया में हैं, लेकिन भारतीय सेना में महत्वपूर्ण साजो-सामान की कमी बनी हुई है। इससे हो यह रहा है कि आज हमारी थल सेना तोपों, टैंकों और व्यक्तिगत हथियारों की कमी झेल रही है। एक नौसेना है,जो विमान वाहक जहाज से संलग्न लड़ाकू विमान और पानी के नीचे उपयुक्त युद्धक क्षमता पाने की प्रतीक्षा कर रही है, एक वायु सेना है जो लड़ाकू विमानों की बेहद कमी से जूझ रही है और एक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन है, जो अपने किए गए वादे तयशुदा समय-सीमा में पूरे करने में असमर्थ है। लड़ाकू क्षमता और स्वदेशीकरण के दोहरे उद्देश्यों को साकार करने के वास्ते, रक्षा बजट में पूंजीगत व्यय एक महत्वपूर्ण संकेतक है। यथेष्ट आंकड़ा 35 प्रतिशत से ऊपर होना चाहिए और इस मामले में परिदृश्य निराशाजनक है। कुल 6,81,210 करोड़ रुपये के मौजूदा रक्षा आवंटन में, पूंजीगत व्यय 1,80,000 करोड़ रुपये रखा गया है, जो कि 27 प्रतिशत से कम बनता है।

जुलाई 2024 में पीआरएस (संसदीय अनुसंधान सेवा) की एक बेहतरीन रिपोर्ट इस तथ्य को उजागर करती है कि 2014-15 और 2023-24 के बीच पूंजीगत व्यय का हिस्सा घटकर रक्षा बजट के 30 प्रतिशत से भी कम रखा गया। मौजूदा वित्त वर्ष में भी यह आवंटन इसी चलन के अनुरूप है और निकट भविष्य में इसमें बदलाव की संभावना नहीं है। इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात है वित्त वर्ष 2024-25 के संशोधित अनुमानों में पूंजीगत व्यय मद से 12,500 करोड़ रुपये की राशि को बिना खर्च किए लौटाया जाना। यह सेना के शीर्ष रक्षा प्रबंधन एवं रणनीतिक योजना का खराब अक्स है, जो पहले ही पुराने पड़ चुके शस्त्रास्त्र एवं उपकरणों आदि सामान की कमी से ग्रस्त है और इस पर ध्यान देना चाहिए।

रणनीतिक क्षेत्रों में आकांक्षित तकनीकी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता पाने के राष्ट्रीय प्रयासों के केंद्र में अनुसंधान एवं विकास है और इस क्षेत्र में भारतीय अंतरिक्ष और परमाणु क्षेत्र एक सफलता-सिद्ध उदाहरण हैं। लेकिन, सेना की आत्मनिर्भरता काबिलियत बनाने के संबंध में डीआरडीओ की कारगुजारी कोई बढ़िया नहीं रही। पीआरएस- 2024 रिपोर्ट में कहा गया है कि डीआरडीओ द्वारा शुरू की गई कई परियोजनाएं देरी से ग्रस्त हैं और इसमें आगे कहा गया है: डीआरडीओ की 178 परियोजनाओं के विश्लेषण में, सीएजी ने पाया कि 119 परियोजनाएं मूल निर्धारित समय-सीमा का पालन नहीं कर रहीं। करीब 49 परियोजनाओं में लिया गया अतिरिक्त समय उस मूल समय से भी अधिक रहा, जिसे आरंभ में तय किया था। एक या इससे अधिक प्रमुख उद्देश्यों और मापदंडों पर पूरा उतरने के बावजूद परियोजनाओं को सफल घोषित कर दिया गया। यह संस्थागत अयोग्यता और शिथिलता, दोनों का, मामला है और रक्षा प्रबंधन में उच्च स्तर पर बैठे लोगों पर भी प्रश्न है। साल दर साल, सार्वजनिक डोमेन में रक्षा बजट अल्पकालिक समीक्षा के इस चरण से गुजरता है। और भले ही कमियां उजागर होती हैं, लेकिन यह सोच मानक बनी हुई है कि जब बहुत ज्यादा आवश्यकता होगी, तभी बटुआ ढीला करेंगे। यह आग लगने पर कुआं खोदने जैसा है। वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध में यही हुआ था, और भारी कीमत चुकाकर राष्ट्रीय संप्रभुता को पुनः प्राप्त किया जा सका था। शत्रु को किसी भी प्रकार के दुस्साहस से रोकने के लिए विश्वसनीय सैन्य तैयारी दिखावा, तमाशा और अस्पष्टता को प्राथमिकता देकर नहीं पाई जा सकती।

# युवजन सभा के जिलाध्यक्ष जीतू शर्मा जेल से रिहा पैंट बाजार के लोगों की आवाज उठाने पर कार्यवाही

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



गाजियाबादः- समाजवादी पार्टी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष पं0 जीतू शर्मा को मधुबन बापूधाम पुलिस ने शांतिभंग और पैंठ बाजार वालों की आवाज उठाने एवं विरोध करने के आरोप गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जैसे ही जीतू शर्मा की गिरफ्तारी की खबर सपाइयों को लगी वैसे वैसे थाने पर सपा कार्यकर्ता एवं नेता इक्ठ्ठा होने लगे रात करीब डेढ़ बजे सपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मधुबन बापूधाम थाने पहुँच गए ।

जिसके बाद एसीपी स्वतंत्र सिंह और एसओ बापूधाम शैलेन्द्र सिंह तोमर ने आश्वासन दिया की बातचीत करने के बाद जीतू शर्मा को थाने से रिहा कर दिया जायेगा जिसके बाद सपा कार्यकर्ता शांत होकर घर वापस लौटे थे पुलिस ने मौका देखकर युवजन सभा के जिलाध्यक्ष जीतू शर्मा को शांतिभंग के आरोप में डासना जेल भेज दिया ।

जिसके बाद सपा जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव मधु चौधरी, देवव्रत धामा, आकाश अग्रवाल, मोहित कौशिक, शाकिर हुसैन, आरिफ सलमानी, अकरम सलमानी, मुकेश कुमार, सूरज भारद्वाज, शुभम सिंघल, दिनू खान आदि सपा नेता डीसीपी सिटी से मिलने पहुँचे जिसके बाद जीतू शर्मा की रिहाई की गई जीतू शर्मा कल तीन दिन बाद डासना जेल से रिहा हो गए इसके बाद जीतू शर्मा ने संगठन के लोगों का आभार व्यक्त किया ।

# वंदे भारतः सेलो टेप से चिपकाए जा रहे हैं ट्रेन के चटके हुए शीशे

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



लखनऊ। प्रिमियम ट्रेनों में शुमार वंदे भारत एक्सप्रेस के चटके हुए शीशे अब लोगों को अखर रहे हैं। इस ट्रेन को लेकर मेंटिनेंस की शिकायतें लगातार आ रही हैं।

सेमी हाईस्पीड वंदे भारत ट्रेनें बदहाली का शिकार हो रही हैं। चिटके शीशों के साथ दौड़ रही हैं। इतना ही नहीं शीशों को बदलने की जगह उन्हें सेलो टेप से चिपकाकर काम चलाया जा रहा है। इससे यात्रियों की सुरक्षा खतरे में डाली जा रही है। यात्रियों की सुविधा व मिशन रफ्तार के तहत रेलवे की ओर से वंदे भारत ट्रेनों का संचालन धीरे-धीरे बढ़ाया जा रहा है। लखनऊ से पटना, देहरादून, प्रयागराज, गोरखपुर, मेरठ, अयोध्या, आनंदविहार के लिए वंदे भारत ट्रेनों को चलाया जा रहा है। इन ट्रेनों को खासे यात्री मिल रहे हैं। पर, ट्रेन के रखरखाव में लापरवाही बरती जा रही है। मेंटिनेंस पर ध्यान नहीं दिया जा रह है।

यही वजह है कि ट्रेनें टूटे व चिटके हुए शीशों के साथ दौड़ रही हैं। गत दिवस दिल्ली से अयोध्या जाने वाली गाड़ी संख्या 22426 वंदे भारत एक्सप्रेस की चेयरकार बोगियों सी-3, सी-4, सी-5 सहित एग्जीक्यूटिव क्लास की बोगियों ई-1 व ई-2 के शीशे चिटके हुए पाए गए। शीशों को सेलो टेप से चिपकाया गया है। वहीं मेरठ से लखनऊ पहुंची वंदे भारत एक्सप्रेस की चेयरकार बोगियों में तीन शीशे टूटे हुए पाए गए। ऐसे में टूटे व चिटके हुए शीशों के साथ वंदे भारत ट्रेनें दौड़ रही हैं, जो खतरे का पर्याय है। इससे हादसों की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा से यात्रियों ने टूटे व चिटके शीशों की शिकायतें की गई हैं।

**मेरठ वंदे भारत की नोज भी टूटी-** लखनऊ से मेरठ के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस की नोज भी टूटी हुई है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि ट्रैक पर पशुओं के आने से होने वाले टकराव के चलते ऐसा हुआ है। पर, मैटीरियल की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। टूटी हुई नोज को ठीक भी नहीं कराया गया है।

वंदे भारत ट्रेनों की मेंटिनेंस में लगे कर्मचारी बताते हैं कि प्रतिमाह करीब 45 शीशों के टूटने के मामले आ रहे हैं। इससे ट्रेन की गुणवत्ता पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। शीशे टूटने के मामले सिर्फ पथराव के कारण नहीं हैं। मेल व एक्सप्रेस ट्रेनों की एसी बोगियों में इस्तेमाल होने वाले शीशे वंदे भारत से कहीं अधिक मजबूत साबित हो रहे हैं।

**आरडीएसओ करेगा जांच, बनाएगा रिपोर्ट**

उत्तर रेलवे प्रशासन से जुड़े सूत्र बताते हैं कि वंदे भारत ट्रेनों के शीशों के चिटकने व टूटने के मामलों की जांच अनुसंधान, अभिकल्प एवं मानक संगठन आरडीएसओ करेगी। जांच के बाद गुणवत्ता की परख होगी। रिपोर्ट बनाकर बोर्ड को सौंपी जाएगी। हालांकि, आरडीएसओ अधिकारी इसे लेकर कुछ नहीं बोल रहे हैं।

# सिपाही भर्तीः प्रदेश में 12 जगहों पर आज से होगी दौड़ परीक्षा

## सेंधमारी रोकने के पुख्ता इंतजाम, ये चीजें बैन



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

लखनऊ। सिपाही नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर भर्ती के लिए दौड़ की परीक्षा (पीईटी) सोमवार से शुरू होगी। भर्ती प्रक्रिया के अंतिम चरण के तहत होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा के बाद चयनित अभ्यर्थियों का मेडिकल होगा और चरित्र प्रमाण मांगे जाएंगे। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड परीक्षा का आयोजन पीएसी की 12 वाहिनियों में करा रहा है, जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रोजाना करीब 10 हजार अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

सेंधमारी रोकने के भी पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। बता दें कि भर्ती बोर्ड ने दौड़ परीक्षा के पहले चरण के तहत करीब 1.20 लाख प्रवेशपत्र जारी किए हैं। वहीं सोमवार को शेष करीब 40 हजार अभ्यर्थियों के प्रवेशपत्र जारी होने हैं। परीक्षा का आयोजन 27 फरवरी तक होना है। परीक्षा का आयोजन 45वीं वाहिनी अलीगढ़, 12वीं वाहिनी फतेहपुर, 8वीं वाहिनी बरेली, 9वीं वाहिनी मुरादाबाद, 26वीं वाहिनी गोरखपुर, 37वीं वाहिनी कानपुर, 33वीं वाहिनी झांसी, 35वीं वाहिनी लखनऊ, 6वीं वाहिनी मेरठ, 47वीं वाहिनी गाजियाबाद, 20वीं वाहिनी आजमगढ़ और 39वीं वाहिनी मिर्जापुर में किया जाएगा।

पीईटी के दौरान कलाई घड़ी पहनना प्रतिबंधित है। कुछ अभ्यर्थियों के इसके इस्तेमाल के अनुरोध पर विचार करके बोर्ड ने परीक्षा स्थल पर डिजिटल घड़ी का प्रबंध किया है। परीक्षा में पुरुष अभ्यर्थियों को 25 मिनट में 4.8 किमी की दौड़ पूरी करनी होगी, जबकि महिला अभ्यर्थियों को 14 मिनट में 2.4 किमी की दौड़ पूरी करनी होगी।

**समिति कराएगी परीक्षा-** परीक्षा बोर्ड की ओर से गठित समिति द्वारा कराई जाएगी, जिसमें डीएम की ओर से नामित एक एसडीएम, सीएमओ की ओर से नामित डॉक्टर, कमिश्नर/एसएसपी की ओर से नामित डिप्टी एसपी शामिल हैं। परीक्षा का परिणाम दिन की समाप्ति पर सूचना पट पर प्रदर्शित करना होगा। बोर्ड ने अभ्यर्थियों से उनके प्रवेशपत्र, मूल पहचानपत्र, मूल आधार कार्ड के साथ परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने को कहा है। यदि कोई अभ्यर्थी नियत तिथि एवं समय पर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित रहने में असफल रहता है तो वह समिति को वजह बताते हुए प्रत्यावेदन दे सकता है। यह उसे खुद अथवा किसी प्रतिनिधि के जरिये देना होगा। डाक, ई-मेल अथवा किसी अन्य माध्यम से भेजा गया प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं होगा। समिति उसे किसी अन्य दिन परीक्षा के लिए बुला सकती है।

**प्रदेश की सबसे बड़ी सीधी भर्ती-**यूपी पुलिस की 60,244 सिपाही भर्ती में सफल उम्मीदवारों को 9 महीने का आधारभूत प्रशिक्षण प्रदेश के सभी प्रशिक्षण केंद्रों पर दिया जाएगा। अंतिम चरण की परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का चरित्र सत्यापन उनके गृह जिलों से कराया जाएगा। इसके बाद एक महीने की प्रारंभिक ट्रेनिंग (जेटीसी) सभी 75 जिलों में होगी और नौ महीने की आधारभूत ट्रेनिंग प्रशिक्षण केंद्रों पर कराई जाएगी।

# मिल्कीपुर उपचुनावः अवधेश प्रसाद बोले- अजीत को जनता ने चुना, भाजपा विधायक सरकारी, लोकसभा में उठाएंगे मुद्दा



अयोध्या । मिल्कीपुर उपचुनाव में सपा को करारी हार का सामना करना पड़ा। चुनाव नतीजों के अलगे दिन सपा सांसद ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।

मिल्कीपुर उपचुनाव हारने के बाद रविवार को पांच नंबर चौराहे पर हुई बैठक में सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि जनता ने अपने मतों से अजीत प्रसाद को विधायक चुना है। भारतीय जनता पार्टी के विधायक सरकारी विधायक हैं। मतदान केंद्र में अधिकारियों ने वोट डाले। लगभग 50,000 बाहरी गुंडे भाजपा को वोट देने आए थे। लोगों ने 10-10 वोट भाजपा को देना कुबूल भी किया है।

कहा कि मिल्कीपुर विधानसभा के ही रायपट्टी बूथ के एक मतदाता के छह वोट डालने का वीडियो भी वायरल हुआ। कहा कि पीठासीन अधिकारियों को 10,000 रुपये भाजपा की तरफ से दिया गया था। उनके पास इसका सबूत है। बाहर के भाजपा के गुंडों को सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पकड़ा भी है।

मिल्कीपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी वोट की डकैती कराने में शामिल थे। तीनों थानों की पुलिस, उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर, जिलाधिकारी, एसएसपी ने भी भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए मतदाताओं को लाठी-डंडा व गोली के बल पर डराया-धमकाया। निष्पक्ष चुनाव होता समाजवादी पार्टी की बड़ी जीत होती। उपचुनाव में हुई वोटों की डकैती के मामले को लोकसभा में भी उठाएंगे।

दिल्ली विधानसभा और मिल्कीपुर उप चुनाव में पार्टी की जीत पर डाक बंगले पर भाजपाइयों ने जश्न मनाया। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष किशोरी लाल भारती व जिला पंचायत सदस्य राम नेवल लोधी और पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी ने इस जीत को रामलला का आशीर्वाद बताया। गन्ना समिति के चेयरमैन निर्मल शर्मा ने सांसद अवधेश प्रसाद को अवसरवादी बताते हुए कहा कि इस चुनाव में उनका दोहरा चरित्र जनता ने देख लिया है। संचालन भाजपा नेता दुर्गेश श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान भाजपा नेता हिमांशु गर्ग, श्याम बाबू गुप्ता, नवनीत रस्तोगी, विजय सिंह, लवकुश पाठक, राघवेंद्र शर्मा, आशीष वैश्य, कुलदीप सोनकर आदि मौजूद रहे।

# बसपाः एक बार फिर चुनावों में औंधे मुंह गिरी पार्टी

## यूपी, हरियाणा के बाद दिल्ली में भी शर्मनाक प्रदर्शन



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी एक के बाद एक राज्यों के चुनावों में खराब प्रदर्शन कर रही है। आकाश आनंद को उत्तराधिकारी घोषित करने के बाद पार्टी की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ।

हरियाणा के बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी बहुजन समाज पार्टी अपना खाता खोल पाने में नाकाम साबित हुई। पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद के नेतृत्व में लड़े गए दोनों चुनावों में बसपा अपनी सियासी जमीन तक नहीं तलाश सकी। वर्ष 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी उमाशंकर सिंह विधायक बने थे, जिसके बाद से बसपा चुनावों में जीत को तरस रही है।

बता दें कि बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी का नेशनल कोआर्डिनेटर और उत्तराधिकारी घोषित करने के बाद यूपी व उत्तराखंड छोड़कर देश भर में पार्टी को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। आकाश के नेतृत्व में बसपा ने हरियाणा चुनाव में गठबंधन किया था, इसके बावजूद पार्टी का कोई भी प्रत्याशी जीत हासिल नहीं कर सका। बसपा को दिल्ली चुनाव से खासी उम्मीदें थी, लेकिन इस बार भी उसे निराशा हाथ लगी है। इससे पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक निराश हैं। दिल्ली चुनाव में मायावती ने कोई भी जनसभा को संबोधित नहीं किया था। इस फैसले को लेकर भी पार्टी में तमाम चर्चाएं हो रही हैं।

नहीं तय की जिम्मेदारी- दिल्ली चुनाव में करारी शिकस्त के बाद भी बसपा सुप्रीमो मायावती ने किसी की जिम्मेदारी तय नहीं की है। नतीजे घोषित होने के बाद उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने 'हवा चले जिधर की, चलो तुम उधर की' के तर्ज पर वोट देकर भाजपा की सरकार बना दी। भाजपा के पक्ष में एकतरफा वोटिंग होने से बसपा सहित दूसरी पार्टियों को काफी नुकसान सहना पड़ा इसका प्रमुख कारण अब तक दिल्ली में सत्ता में रही आम आदमी पार्टी की सरकार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को दिए संदेश में कहा कि आंबेडकरवादियों को निराश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि उनके राजनीतिक संघर्ष को जातिवादी पार्टियां आसानी से सफल नहीं होने देंगी। आगे बढ़ने का प्रयास पूरे तन, मन, धन से लगातार जारी रखना है तभी यूपी की तरह बसपा के मूवमेंट को सफलता मिलेगी और बहुत कुछ बदलेगा।

सपा की शर्मनाक हार कैसे- वहीं दूसरी ओर मिल्कीपुर चुनाव पर बसपा सुप्रीमो ने कहा कि बसपा द्वारा कोई भी उपचुनाव नहीं लड़ने के फैसले के बाद इस सीट पर पार्टी का कोई उम्मीदवार नहीं उतारा गया था, इसके बावजूद सपा की इतनी शर्मनाक हार कैसे हुई? इस पर सपा के जवाब का लोगों को इंतजार है क्योंकि यूपी में पिछली बार हुए उपचुनाव में सपा ने अपनी पार्टी की हार को ठीकरा बसपा के ऊपर फोड़ने का राजनीतिक प्रयास किया था।

# अयोध्या सीमा पर नौ घंटे जाम में फंसे रहे श्रद्धालु, चाय-पानी को तरसे, प्रदर्शन किया तो जागा प्रशासन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

अयोध्या । अयोध्या में प्रयागराज महाकुंभ से आने वाले श्रद्धालुओं के कारण सड़कों पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। ऐसे में दर्शनार्थी परेशान हो रहे हैं और उन्हें चाय-पानी के लिए भी तरसना पड़ रहा है।

प्रशासन की ओर से किए गए रूट डायवर्जन के चलते सुल्तानपुर जिले की सीमा पर रविवार सुबह पांच बजे से ही यात्री बसें रोक दी गई। इसके चलते करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया। बाद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के हस्तक्षेप पर दर्शनार्थियों को करीब नौ घंटे के इंतजार के बाद अयोध्या की सीमा में प्रवेश मिल सका।

कर्नाटक,उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात ,दिल्ली सहित देश के कोने-कोने से श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने के बाद अयोध्या पहुंच रहे हैं। भीड़ के दबाव को देखते हुए अयोध्या धाम जाने वाले दर्शनार्थियों की बसों को पुलिस प्रशासन ने अयोध्या सीमा पर स्थित कूरेभार मोड़ पर रोक दिया। इससे करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

परेशान दर्शनार्थियों ने जब प्रदर्शन करना शुरू किया तब पुलिस प्रशासन की नींद खुली। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर श्रीयश त्रिपाठी, थाना प्रभारी कुमारगंज अमरजीत व पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। प्रदर्शन कर रहे दर्शनार्थियों को समझा-बुझाकर शांत कराया। कई चक्रों में गाड़ियों को अयोध्या की सीमा में प्रवेश कराया गया।

**चाय-पानी को तरहे दर्शनार्थी**

बंगलूरू की दर्शनार्थी पुष्पलता व राजम्मा ने कहा कि सुबह पांच बजे से यहां पर हमारी गाड़ी खड़ी है। पीने का पानी भी दूर-दूर तक नहीं मिल रहा।

# चार दिन बाद जांच पड़ताल पूरी कर आईटी की टीम राणा मिल से हुई रवाना

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। पंजाब के विधायक राणा की चीनी मिलों पर आईटी विभाग ने गुरुवार सुबह 6 बजे से पैरामिलिट्री के जवानो के साथ रेड मारी थी, जिसके बाद आयकर की टीम की जांच गुरुवार सुबह 6 बजे से लेकर रविवार शाम तक चली। जिसके बाद रविवार शाम में आईटी की टीम मिल से निकल गई। जांच पड़ताल को पूरी तरह से गोपनीयता को बनाए रखा था। चार दिनों तक सिर्फ कयास ही लगाये गए। 84 घंटे पूरे होने के बाद टीम मिल से रवाना हो गई। लेकिन मिल से कोई पुख्ता जानकारी बाहर नहीं आई। मिल कर्मी कुछ भी खुले तौर पर बताने से बचते रहे। चार दिनों एक उनका सीधा कहना था कि अंदर जहां पूछताछ चल रही है उस हिस्से के आसपास भी नाकेबंदी है। हम कुछ भी बताने में समर्थ है। खैर 84 घंटे तक चली आईटी की जांच के बाद आखिरकार टीम मिल से देर शाम में रवाना हो गई। जिसके बाद मिल कर्मियों ने राहत की सांस ली। सूत्रों के अनुसार अंतिम दिन आयकर की टीम ने मिल के कुछ मुख्य अधिकारियों से पूछताछ की थी।

# दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत से सरकार बनने पर शाहबाद में जश्न मनाया

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत से सरकार बनने की खुशी में रविवार को शाहबाद में जोरदार जश्न मनाया गया। भाजपा युवा मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी विशाल जोशी के यहां कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी जाहिर की।सोशल मीडिया प्रभारी विशाल जोशी ने सभी कार्यकर्ताओं को इस ऐतिहासिक जीत की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देशहित में निरंतर कार्य कर रही है और जनता ने एक बार फिर विश्वास जताकर पार्टी को सत्ता सौंपी है। विशाल जोशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और मिठाइयां बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी। कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला और उन्होंने भाजपा के समर्थन में नारेबाजी भी की।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में भजपा की प्रचंड जीत पर मनाया जश्न

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर महरौनी दिल्ली विधानसभा चुनाव के आज शनिवार को आये परिणामों में 27 वर्षों के बाद भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है।

दिल्ली विधान सभा मे भाजपा की प्रचंड जीत पर भारतीय जनता पार्टी महरौनी के कार्यकताओं द्वारा स्थानीय इंद्रा चौराहे पर बड़े ही धूमधाम से जीत का जश्न मनाया, दोपहर 2 बजे समस्त भाजपा कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष महरौनी की मौजूदगी में नगर के इंदिरा चौराहे पर एकत्रित हुये, जहां ढोल



नगाड़ों की थाप पर भाजपाई थिरकते हुए नजर आते, कार्यकर्ताओ ने आतिशबाजी छोड़ी एवम मिठाई खिलाकर एक दूसरे को जीत की बधाई प्रस्तुत की!

मण्डल अध्यक्ष आशीष त्रिपाठी पंडा ने इस जीत को शीर्ष नेतृत्व और भ्रष्टाचार के खिलाफ दिल्लीवासियों की जीत बताया, तो वहीं जिला मंत्री युवा मोर्चा पीयूष शुक्ला ने इस प्रचंड जीत को पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत का परिणाम बताया!

कार्यक्रम में उपस्थित महेंद्र सिंह राजावत वरिष्ठ भाजपा नेता, राघवेन्द्र पटैरिया टीटू मंत्री प्रतिनिधि, आनंद राय, प्रभु राय, अरविंद कौशिक, रवि खरे मंडल महामंत्री, दीपक तिवारी मोना, बृजेश रिछारिया, सौरभ राजा, यशवंत राजपूत, शिवा राजा, प्रदीप सोनी सहित सैकड़ों भाजपाई उपस्थित रहे!

# वेद मन्त्रोच्चार के साथ हुआ मंदिर का भूमि पूजन, भव्य बनेगा बगिया वाले हनुमान जी का मंदिर

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

ललितपुर महरौनी नगर के प्राचीन बगिया वाले हनुमान जी मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ हो गया है, शुक्रवार को मंदिर प्रबंधक जीर्णोद्धार कमेटी द्वारा विद्वानों की उपस्थिति में भूमि पूजन का कार्य संपन्न कराया!

बाहर से आए हुए विद्वानों ने वेद मंत्र उच्चारण के साथ भूमि पूजन कराया, इस दौरान मंदिर परिसर का माहौल धर्म मय दिखा!



इस मौके पर संस्थापक श्रीकृष्ण नायक, अध्यक्ष बद्रीनारायण नायक, बाबूलाल नायक, अनिल शर्मा, रामकृष्ण नायक, रामप्रकाश शर्मा, रामकुमार दुबे, सोनेराम भोडेले, मन्दिर पुरोहित हरिशंकर तिवारी, श्याम बिहारी तिवारी, जगदीश प्रसाद पुरोहित, कालका प्रसाद, नरेंद्र सिंह सिसोदिया, रविंद्र सिंह, महेंद्र सिंह सिकरवार, रामनारायण, परमलाल कुशवाहा, रामस्वरूप भर्ता, पोटे जोशी, संतोष झा, प्रभुदयाल राय, महेंद्र झा, मनीष बडोनिया, अभिषेक नायक, देवानंद अहिरवार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे, वही रामेश्वर प्रसाद रिछारिया द्वारा समस्त लोगों का आभार व्यक्त किया गया!

# मीना मंच का गठन, काजल बनी अध्यक्ष तो रौनक दीक्षित ने पाया उपाध्यक्ष का पद

ललितपुर। ललितपुर महरौनी खंड शिक्षा अधिकारी राजकुमार पुरोहित की अध्यक्षता में पूर्व माध्यमिक विद्यालय धवारी में मीना मंच का शनिवार को विधिवत गठन किया गया!

सुगमकर्ता श्रीमती समस्या जैन एवं दामोदर दास द्वारा निर्वाचन की कार्यवाही प्रारंभ की गई जिसमें अध्यक्ष पद हेतु क्रमशः काजल को 21 रौनक को 15 रजनी को 2 एवं नव्या व कृष्ण को एक-एक मत प्राप्त हुआ, इस प्रकार काजल सेन को अध्यक्ष एवं रौनक दीक्षित को मीना मंच का उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया, निर्वाचन की कार्यवाही में सचिव रितु सेन कोषाध्यक्ष नव्या रश्मि को मीना तथा नैतिक सेन को राजू का पद पावर एंजेल 123 क्रमशः लकी अनुप्रिया रजनी को चुना गया निर्वाचन की कार्यवाही के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सारगर्भित उद्बोधन बच्चों को दिया गया एवं बच्चों से रूबरू परीक्षण भी किया गया, जिसमें बच्चों से खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों के उत्तर बच्चों ने संतोषजनक दिए, विद्यालय में बच्चों के द्वारा स्व निर्मित सामग्री को देखकर खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सराहना की एवं बच्चों के शैक्षिक स्तर संतोषजनक पाए जाने पर बच्चों की एवं कार्यरत कार्मिकों की भूरी भूरी प्रशंसा भी की एवं प्रधानाध्यापक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए, बच्चे निर्वाचन की कार्यवाही से बड़े ही प्रसन्न चित नजर आए, कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक प्रदीप मिश्रा द्वारा आभार व्यक्त किया गया!

# पार्षद ने किया नई सड़क निर्माण का विधीवत शुभारंभ।

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

ललितपुर मोहल्ला सिद्धनपुरा वार्ड नम्बर एक के पार्षद सोन सिंह उर्फ सोनू भईया ने सिद्धनपुरा वार्ड नम्बर एक में नैन्सी गार्डन के आगे टांसफार्मर के पास सलीम खांन के मकान से राहुल के मकान होते हुये पार्वती के मकान तक सीसी सड़क व दोनो तरफ नाली के निर्माण कार्य का पार्षद सोन सिंह उर्फ सोनू भईया ने अपने हाथो से अगरबत्ती लगाकर, नारियल फोड़कर, मिष्ठान बंटवा कर नया सीसी सड़क डलवाने के कार्य का विधीवत शुभारंभ किया इस मौके पर इस गली के निवासी भी उपस्थित रहे इस गली के निवासियों ने नया सीसी रोड डलने के लिये अपने वार्ड पार्षद सोन सिंह उर्फ सोनू भईया के कार्य की काफी सराहना की इस मौके पर अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सम्पर्ण शरीर को शांति के साथ सक्रिय करता है गरुणासन- योगाचार्य

चित्रकूट ब्यूरोः जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने बताया कि गरुणासन करने से संपूर्ण शरीर में शांति और सक्रियता आती है तथा थकान मिटती है।

बताया कि गरुणासन कंधे, कलाई, मणिबंध, शरीर का दूसरा हृदय कहलाने वाली पिंडलियां, टखने, जंघा, कूल्हे, फेफड़े, पेट, जननांग सभी में खिंचाव, दबाव और मरोड़ देकर गहरा विश्राम देता है जिससे संपूर्ण शरीर में शांति और सक्रियता आती है तथा थकान मिटती है। साथ ही मन को तनाव मुक्त करके उसे शांत, प्रसन्न और एकाग्र कर-



के संकल्पों को पूर्ण करने वाली शक्ति प्रदान करता है। गरुणासन रचनात्मक, सृजनात्मक और सकारात्मक विचारों का सृजन करता है। बताया कि प्रत्येक आसन प्रकृति के पशु, पक्षी, पेड़ पौधों से लिए गए हैं। गरुण (ईगल) को पक्षियों का राजा कहा जाता है, जो भगवान विष्णु का वाहन है। यह एक तेज और ऊंची उड़ान भरने वाला तीव्र और दूर दृष्टि, पक्का इरादा रखने वाला पक्षी है। बताया कि गरुणासन करने के लिए दाईं टांग को बाईं टांग पर लपेटते हैं तथा बाईं टांग पर संतुलन बनाते हुए दाएं हाथ को बाएं हाथ के ऊपर से लपटकर घुटनों से थोड़ा नीचे की ओर झुकते हैं तथा 30 सेकंड रुक कर यही काम दूसरे हाथ और दूसरी टांगों द्वारा करते हैं। बताया कि सावधानी के लिए सियाटिका से पीड़ित लोग यह आसन आगे की ओर झुके बगैर कर सकते हैं। अर्थराइटिस से पीड़ित लोग इसे न करें।

# बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करके बसपा हासिल करेगी उत्तर प्रदेश की सत्ता- शिवबाबू



चित्रकूट ब्यूरोः बहुजन समाज पार्टी ने चित्रकूट विधानसभा के सरधुवा और मानिकपुर विधानसभा के नांदिन कुर्मियान में सेक्टर स्तरीय कार्यकताओं की बैठकें कराईं। जिनमें बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

रविवार को हुई सेक्टर स्तरीय बैठक में बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा ने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन संघर्षो से प्रेरणा लेकर बीएसपी के बैनर तले कार्यकर्ता आगे बढ़कर संगठन को मजबूत करने का प्रयास पूरे तन-मन-धन से लगातार जारी रखें। जिससे आने वाले समय में उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में बसपा मुखिया मायावती के नेतृत्व में एक बार फिर से सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर विधानसभा सीट में हुए उपचुनाव में सपा को करारी हार मिली है। अब तक हुए उपचुनाव में सपा अपनी हार का ठीका बीएसपी पर फोड़ने का राजनीतिक प्रयास करती थी, किंतु इस बार के उपचुनाव में बसपा के प्रत्याशी न उतारने के बाद भी सपा की शर्मनाक हार का जवाब सपा नेताओं के पास नहीं है। ऐसे में उत्तर प्रदेश के सर्वसमाज के लोगों, गरीबों, मजदूरों, दलितों, अन्य पिछड़ों, मुस्लिमों एवं अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों को भाजपा, कौंग्रेस और सपा जैसी जातिवादी पार्टियों से दूरी बनाते हुए बसपा को मजबूत करना चाहिए। बसपा की सरकार में ही समाज के सभी वर्गों का हित सुरक्षित रहता है। इस मौके पर बसपा के मंडल प्रभारी मानसिंह कुशवाहा, चित्रकूट विधानसभा अध्यक्ष सोनपाल वर्मा, नगर अध्यक्ष प्रिंस कुशवाहा, रोहित सिंह पटेल, विनय कुमार पाल, मानिकपुर विधानसभा अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार बीरन पासी, रावेंद्र कुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष चित्रकूट लवकुश वर्मा, शंकर वर्मा, सर्वेश कुमार श्रीवास, फूलचंद्र खंगार, अतुल कुमार वर्मा, धीरज कुमार वर्मा, भोला प्रसाद वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, शिवबरन वर्मा आदि मौजूद रहे।

# रंगारंग आर्केस्ट्रा डांस कार्यक्रम के साथ समापन हुआ पाली खेल एवं मेला महोत्सव 2025

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर/पाली। पाली के पाली खेल ग्राउंड में चल रहे ग्यारह दिवसीय पाली खेल एवं मेला महोत्सव 2025 हुआ शानदार यादगार समापन। पाली खेल एवं मेला महोत्सव 2025 का शुभारंभ 27 जनवरी को क्रिकेट टूनार्मेंट के साथ किया गया था पाली खेल एवं मेला महोत्सव में क्रिकेट टूनार्मेंट, बच्चों की संयुक्त कार्यशाला,कबड्डी टूनार्मेंट, कुश्ती टूनार्मेंट, बुंदेली राई लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम, आर्केस्ट्रा एवं आर्केस्ट्रा डांस कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पाली खेल एवं मेला महोत्सव में क्रिकेट टूनार्मेंट की विजेता रही परवई टीम, कुश्ती टूनार्मेंट में बबीना, कबड्डी टूनार्मेंट में विदिशा , बच्चों की कार्यशाला में बच्चों के लिए बाहर से आए अतिथियों द्वारा लक्ष्य निर्धारित करने के अहम टिप्स दिए। कार्यक्रम का समापन रंगारंग आर्केस्ट्रा डांस कार्यक्रम के साथ हुआ । आयोजन समिति अध्यक्ष मनीष कुमार तिवारी ने आयोजन समिति के सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट कर कहा कि पाली खेल एवं मेला महोत्सव को



सफल बनाने में हमारे युवा साथियों ने जमकर साथ दिया।

**पाली खेल एवं मेला महोत्सव 2025 में एक रुपया का सरकारी धन का नही हुआ खर्च**

नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित मनीष कुमार तिवारी ने कहा कि पाली खेल एवं मेला महोत्सव 2025 में नगर पंचायत का एक भी रुपए का सरकारी धन का खर्चा नहीं किया गया। बल्कि 11 दिवसीय मेला में बाहर से आए एवं नगर के व्यापारियों से जो ?200 की रसीद काटी गई। इसका पूर्ण शुल्क नगर पंचायत में जमा किया गया है। लोगों का काम है अफवाह फैलाना और हमारा कार्य नगर के विकास में गति देकर चार चांद लगाना।

**पाली खेल एवं मेला महोत्सव 2025 के समापन दिवस पर पहुंचे नगर पंचायत के सभी पार्षद , नगर में रही चर्चा**

पाली खेल एवं मेला महोत्सव 2025 का 11 दिवसीय कार्यक्रम में सिर्फ तीन पार्षद ने ही अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। जिसको लेकर नगर एवं क्षेत्र में तरह तरह की चचाएंं सामने आ रही थी। नगर पंचायत पाली के सात पार्षद एक साथ पहुंचे पाली खेल एवं मेला महोत्सव 2025 में शामिल होने। पाली खेल एवं मेला महोत्सव कार्यक्रम के समापन दिवस पर पहुंचे नगर पंचायत के साथ पार्षदों का नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष कुमार तिवारी ने माला पहनाकर कर स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। पार्षदों द्वारा पाली खेल एवं मेला महोत्सव में दूरियां बनाना नगर में रहा चर्चा का विषय।

# प्रयागराज महाकुंभ के दृष्टिगत पुलिस टीम ने की गस्त

चित्रकूट ब्यूरोः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में प्रयागराज महाकुम्भ मेला 2025 को सकुशल संपन्न कराने व शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के लिए पुलिस ने पैदल गस्त किया। साथ ही बैरियर लगाकर संदिग्ध वाहनो व व्यक्तियों की जांच की।

प्रयागराज महाकुम्भ मेला 2025 को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत एवं शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिए पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश में थाना/चैकी प्रभारियो द्वारा पुलिस टीम के साथ अपने क्षेत्र के मिश्रित आबादी एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। इस दौरान पुलिस टीमों ने दुकानदारों, व्यापारीबंधुओं एवं क्षेत्रीय नागरिकों से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम ने सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों, होटल, ढाबो की चेकिंग की। साथ ही बार्डर पर बैरियर लगाकर संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की जांच की।

## दावेदारों से मांगे आवेदन

चित्रकूटः आजाद समाज पार्टी (कां.) के चित्रकूट विधानसभा अध्यक्ष बाबूलाल यादव ने बताया कि आने वाले समय में पंचायत चुनाव होने है। इसे देखते हुए पार्टी ने चित्रकूट जिले के सभी जिला पंचायत वार्डों में सदस्य पद के लिए चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे है। ऐसे में सभी दावेदार प्रार्थना पत्र के माध्यम से अपने आवेदन जमा कर दें। उनहोंने बताया कि वर्तमान समय में सभी वार्डों में बूथ स्तर तक समितियों का गठन किया जा रहा है। साथ ही जन चैपाल एवं बैठकों के जरिए संगठन को मजबूत किया जा रहा है।

# ग्रामीणों को पेयजल संरक्षण के प्रति किया गया जागरूक

**एनपीटी ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः हर घर जल योजना के अंतर्गत लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराना सरकार की पहली प्राथमिकता है। यह बात अंबर संस्थान के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर पुष्पेंद्र गौतम ने कही।

सदर ब्लॉक के सभागार में अंबर संस्थान लखनऊ के तत्वाधान में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल एवं स्वच्छता का जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कर्वी ब्लॉक के समस्त प्रधानों, सचिवों, रोजगार सेवकों, को पेयजल के महत्व के बारे में बताते हुए संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। संस्थान के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर पुष्पेंद्र गौतम ने कहा कि जल प्रत्येक इंसान के जीवन का अमृत है, अगर यह अमृत न हो, तो इंसान का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। इस अमृत की एक-एक बूंद उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रत्येक व्यक्ति के घर में नल लगाने का कार्य कर रही है, जिससे कि लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध हो सके। हर घर जल योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए संभावित रूप से बड़ा बदलाव लाने वाली है और इसके पहल से कृषि को बढ़ावा दे सकते हैं। साथ ही कई तरीकों से आर्थिक अवसरों को खोल सकते हैं। मास्टर ट्रेनर मोनिका ने हर घर जल योजना में महिलाओं की भागीदारी को बताते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में महिलाओं की सहभागिता एवं नेतृत्व को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गयी है, जिससे उनकी भागीदारी से योजनाओं के सफल संचालन, विवेकपूर्ण उपयोग, गंदे जल का प्रबंधन, गुणवत्ता, जांच एवं जल स्त्रोतों के स्थायित्व को सुनिश्चित किया जा सके। इस मिशन ने न सिर्फ महिलाओं के काम को आसान किया है, बल्कि उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए रोजगार की सुविधा भी प्रदान की है। महिला ट्रेनर खुशी ने बताया कि इस मिशन का उद्देश्य महिलाओं को जलापूर्ति प्रणालियों के प्रबंधन और रखरखाव के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना है। डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर आदित्य ने बताया कि जिले के प्रत्येक गांवों में संस्था की टीम भ्रमण करके आंगनबाड़ी केंद्रों, प्रत्येक प्राइमरी और जूनियर स्कूलों में स्वच्छ पेयजल, पानी के बचाव, पानी के महत्व के बारे में बताएगी। जिससे कि गर्मी के दिनों में जल का संचयन करके उपयोग में लाया जा सके।

# शैक्षणिक भ्रमण के लिए देवगढ़ पहुंची छात्राएं

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नैक द्वारा मूल्यांकित संस्थान पहलवान गुरुदीन महिला महाविद्यालय में शैक्षिक कैलेंडर के अंतर्गत शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने ऐतिहासिक भूमि देवगढ़ के दशावतार मंदिर एवं दिगंबर जैन मंदिर का भ्रमण किया। शैक्षिक भ्रमण का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

शैक्षिक भ्रमण में एनसीसी/एनएसएस/ रोवर्स रेंजर्स उन्नत/ भारत के वालंटियर एवं अन्य पाठ्यक्रमों में अध्यनरत छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी दिखाई।

शैक्षिक भ्रमण में तकरीबन 176 छात्राओं ने प्रतिभाग किया, वहीं महिला महाविद्यालय के समस्त शिक्षक गण भी शैक्षिक भ्रमण को लेकर उत्साहित दिखाई दिए।

शैक्षिक भ्रमण स्थान देवगढ़ पहुंचते ही महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सूफिया ने देवगढ़ की प्राचीन दीवारों पर की गई बेहतरीन नक्काशी के बारे में छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा कि ललितपुर के देवगढ़ में स्थित दशावतार मंदिर



भगवान विष्णु के प्राचीन मंदिरों में से एक है। पत्थर और चिनाई वाली ईंटों से बना यह मंदिर भगवान विष्णु के दस अवतारों को दशार्ता है। मंदिर की दीवारों पर देवी-देवता, हाथी और कमल समेत अन्य फूलों की प्रतिमा उकेरी गई है। दरवाजे पर गंगा और यमुना की नक्काशी है। वहीं पट्टी पर वैष्णव पौराणिक कथाओं की झलक देखने को मिलती है। इसके अलावा कृष्ण जन्म, कृष्ण-कंस लड़ाई और पांच-पांडवों की मूर्तियां हैं। 1975 में सर एलेक्जेंडर कनिंघम के अभिलेखों के मुताबिक कभी यहां गुप्त शासन काल का राज हुआ करता था। उस समय देवगढ का मार्ग, सांची, उज्जैन, झांसी, प्रयागराज, बनारस और पटना से जुड़ा था। साथ ही साथ दिगंबर का जैन मंदिर देवगढ़ एक प्राचीन स्थल है। यहां विभिन्न भाषाओं और लिपियों में कई शिलालेख पाए गए हैं, जैसे कि हिंदू, जैन और बौद्ध स्मारकों की एक श्रृंखला है। इनसे पता चलता है कि यह एक बार एक महत्वपूर्ण मानव बस्ती थी, संभवतः एक शाही व्यापार मार्ग पर एक स्थान जो विभिन्न भाषाई पृष्ठभूमि के लोगों को यहां लाता था। माधो वत्स के अनुसार, देवगढ़ उत्तर, पश्चिम और दक्षिण में सुरम्य पहाड़ियों के बीच बसा हुआ था ऐसी अन्य रोचक जानकारियां प्राचार्य द्वारा छात्राओं को दी गई।

एनसीसी कैप्टन डॉ. वंदना याज्ञिक ने बताया कि देवगढ़ में ही बेतवा नदी के किनारे प्राचीन जैन मंदिर भी है। यहां किले के भीतर 31 जैन मंदिर हैं। इनमें सबसे सुंदर जैन तीर्थंकर शांतिनाथ का मंदिर है। इन मंदिरों पर चंदेलों की झलक देखने को मिलती है। इसके अलावा मंदिर की दीवारों पर महाभारत और रामायण के चित्र भी उकेरे गए हैं। 500 ई. देवगढ़ का मंदिर विष्णु को समर्पित है, लेकिन इसमें शिव , पार्वती , कार्तिकेय , ब्रह्मा , इंद्र , नदी देवियों गंगा और यमुना जैसे विभिन्न देवताओं की छोटी पदचिह्न छवियां शामिल हैं, साथ ही हिंदू महाकाव्य महाभारत के पांच पांडवों को दिखाने वाला एक पैनल भी है।

शैक्षिक भ्रमण दल का संचालन असि.प्रो. प्रकाश खरे, असि. प्रो. प्रीति शुक्ला,बी.एड. विभागाध्यक्षप्रो. रत्ना याज्ञिक, एनएसएस द्वितीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी असि. प्रो. साधना नागल,असि.असि प्रो.रंजना श्रीवास्तव, असि. प्रो. सुषमा पटेल, असि. प्रो. आरती बुंदेला, श्रीमती रजनी यादव की देखरेख में सम्पन्न हुआ वहीं अन्य सहयोगी सदस्य के रूप में राघवेंद्र सिंह, मुस्ताक खान , दीपेंद्र यादव, श्रीमती गेंदा, मालती राज, नेहा अहिरवार, श्रीमती विमला, मती सविता, राम सहाय, परमानंद आदि मौजूद रहे।

# आमरण अनशन पर बैठे बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा को पुलिस ने जबरदस्ती उठाया,अनशन स्थल पर मचा हंगामा

## मनीष मीणा हत्याकाण्ड में न्याय की मांग को लेकर आमरण अनशन चौथे दिन भी जारी

ब्यरो -एनपीटी

बूंदी 9 फरवरी।राजकीय शिक्षक मनीष मीणा हत्याकाण्ड में न्याय की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक पीसीसी सदस्य चर्मेश शर्मा को रविवार को जिला प्रशासन व पुलिस ने जिला कलेक्ट्रेट अनशन स्थल से जबरदस्ती उठाकर चिकित्सालय में भर्ती करवा दिया।इससे अनशन स्थल पर जोरदार हंगामा मच गया।

पुलिस आयी और जबरदस्ती उठाकर ले गयी रविवार को अनशनकारियों के स्वास्थ्य परीक्षण के बाद अचानक तहसीलदार व कोतवाली थानाधिकारी जाप्ते के साथ अनशन स्थल पर पहुंचे और चार दिन से आमरण अनशन पर बैठे राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा को उनके गिरते हुये स्वास्थ्य का हवाला देकर चिकित्सालय में भर्ती होने के लिये कहा।शर्मा ने स्व.मनीष मीणा के पीड़ित परिवार को न्याय मिलने तक अनशन स्थल पर ही डटे रहने की बात कही।इसके बाद शर्मा को पुलिसकर्मियों ने अनशन स्थल से खेंचकर जबरदस्ती उठा लिया और खेंचकर पुलिस की गाड़ी में बैठाकर चिकित्सालय ले गये।इससे अनशन स्थल पर जोरदार हंगामा मच गया।इससे पहले बूंदी एसडीएम एच डी सिंह व पुलिस उपाधीक्षक अरुण कुमार ने भी अनशनस्थल पर आकर शर्मा से वार्ता की थी।



**शुगर लेवल 45 रह गया वजन में 7 किलो की गिरावट**

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार मनीष मीणा हत्याकाण्ड में न्याय की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा के स्वास्थ्य में लगातार गिरावट आ रही थी।चार दिन के अनशन में रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण में उनका शुगर लेवल 45 ही रह गया था वहीं चार दिन में 7 किलो वजन कम हो गया था।उनकी बॉडी में कीटोन आने लगे थे।जिसके बाद उनका जीवन बचाने के लिये उन्हें चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है।

**7 अनशनकारी चिकित्सालय में भर्ती**

मनीष मीणा हत्याकाण्ड में न्याय की मांग को लेकर 19 अनशनकारियों का आमरण अनशन रविवार को चौथे दिन भी जारी है।राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा,स्व.मनीष मीणा की माँ गायत्री बाई,पिता रामलक्ष्मण मीणा, हरिओम मीणा,समाजसेवी डॉ किशनलाल मीणा,टोनू मीणा व बच्ची बाई मीणा 7 अनशनकारी चिकित्सालय में भर्ती है। वहीं जिला कलेक्ट्रेट पर मीणा समाज के संरक्षक आनंदीलाल मीणा, ग्रामीण छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष लोकेश मीणा,उलेड़ा के पूर्व सरपंच किशनलाल सैनी,पूर्व सरपंच नेमीचन्द वर्मा,नया गांव उपसरपंच मदनलाल गुर्जर,ग्रामीण छात्र नेता नीरज मीणा करजुना, समाजसेवी पप्पूलाल मीणा,धन्नालाल मीणा,सोहनलाल मीणा, रामदेव मीणा,हजारी बाई,मीरा बाई चौथै दिन भी आमरण अनशन पर बैठे हुये है।

**समाधान में जुटे जिलाध्यक्ष**

मीणा समाज के जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा जनप्रतिनिधियों से संवाद कर मनीष मीणा के पीड़ित परिवार की सहायता के साथ आंदोलन के समाधान में जुटे हुये है। मीणा समाज के संरक्षक आनंदीलाल मीणा ने कहां की अनशनकारियों की तबीयत लगातार बिगड़ती जा रही है राज्य सरकार व प्रशासन को मनीष मीणा के पीड़ित परिवार की सहायता के लिये शीघ्र कार्यवाही करनी चाहिये।

**समर्थन में ये पहुंचे**

रविवार को आंदोलन के समर्थन में मीणा समाज के जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा,पूर्व तहसीलदार रामकरण मीणा,पूर्व पालिकाध्यक्ष भगवान लाड़ला,ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव जगरुप सिंह रंधावा,बूंदी प्रधान प्रतिनिधि सत्यनारायण मीणा,युवा स्टेट कॉर्डिनेटर कमल सुमन,पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा, एडवोकेट हेमराज मीणा नाडाहेत,एडवोकेट देवराज मीणा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष चेतराम मीणा,पूर्व ग्रामीण जिलाध्यक्ष जयप्रकाश मीणा,ब्राह्मण महासभा के युवा जिलाध्यक्ष विकास सनाढ्य,पीयूष शर्मा गुल्लू, पार्षद अंकित बूलीवाल,केशवरायपाटन के पूर्व पार्षद पंकज पाण्डे,गुरुतेज सिंह रंधावा,एडवोकेट महादेव मीणा, एडवोकेट अजय सिंह मीणा, लेखराज मीणा मेहरामपुरा, सुखपाल मीणा ,बाबूलाल मीणा,अमन राठौर, बुद्धिलाल मीणा, प्रकाश मीणा, हुकुमचंद मीणा, रामेश्वर मीणा, खुशीराम मीणा, किशनगोपाल मीणा, मोहम्मद रफीक, बुंदु पठान, विनोद आमली, हिमांशु मीणा, सोनू मीणा, छोटू लाल मीणा, छीतरलाल मीणा, रतिराम मीणा,सुरेश मीणा मेहरामपुर,कन्हैयालाल मेघवाल, हरीश कुमार मेघवाल,देवीलाल मेघवाल,महादेव मेघवाल आदि अनशन स्थल पर पहुंचे।

# डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थापना समिति चिड़ावा झुंझुनू की बैठक आयोजित



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं। डॉ भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा स्थापना समिति चिडावा झुन्झुनू राज. की बैठक पार्षद योगेन्द्र कटेवा नगर मंडल चिडावा - झुन्झुनूं की अध्यक्षता में भक्तों की बगीची मैं आयोजित हुई । जिसमें डॉ अम्बेडकर सर्किल, चिडावा का नाम यथावत रखने पर नगर पालिका मंडल चिड़ावा का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। मीटिंग में निर्णय लिया गया कि नगरपालिका- चिडावा की औपचारिकताएं पूर्ण होने पर डॉ अम्बेडकर सर्किल- चिडावा के नामांकरण का बोर्ड लगाया जाएगा। मिटिग में संरक्षक कैप्टन शंकर लाल मेहरानिया , बलवीर सिंह काला , सचिव एड० एडवोकेट अरविंद भगत , कोषाध्यक्ष महेश मेहरानिया , कुलदीप भगत प्रेस नोट में शामिल कार्यकारिणी के सदस्यों तथा सदस्यों गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

# सहायक कमांडेंट बनने पर अनिल शिल्ला का किया सम्मान



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं सूरजगढ़। आदर्श समाज समिति इंडिया के कार्यालय सूरजगढ़ में यूपीएससी के एग्जाम एससी वर्ग में ऑल इंडिया टॉपर रहे भोबिया गांव के निवासी सहायक कमांडेंट अनिल शिल्ला के सम्मान में उनके जन्मदिन पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीआईएसएफ के सहायक कमांडेंट अनिल शिल्ला को जन्मदिन की बधाई देते हुए समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गांधी के नेतृत्व में पुष्पमाला पहनाकर, साफा व शॉल ओढ़ाकर और मोमेंटो भेंटकर उनका सम्मान किया। इस मौके पर समाजसेवी इंद्र सिंह शिल्ला व विनोद शिल्ला और अन्नू शिल्ला को भी सम्मानित किया गया। सभी को धर्मपाल गांधी द्वारा लिखित और अंजू गांधी द्वारा संपादित की हुई पुस्तक हिंद की क्रांतिकारी बेटियां, आजादी के दीवाने और क्रांति का आगाज भेंट की गई। सहायक कमांडेंट अनिल शिल्ला ने अपने संबोधन में सीआईएसएफ में सब इंस्पेक्टर पद से सहायक कमांडेंट तक के सफर की कहानी बयां की। उन्होंने जीवन की सफलता में शिक्षा और ज्ञान को जरूरी बताया। अनिल शिल्ला के दादा कप्तान प्रहलाद शिल्ला और पिता कैलाश चंद्र शिल्ला भी सेना में थे। अनिल शिल्ला ने अपने संघर्ष की कहानी सुनाते हुए सफलता का श्रेय अपने परिवार और दादा कप्तान प्रहलाद शिल्ला को दिया। इस अवसर पर उप-सरपंच राकेश मनीठिया, योगाचार्य डॉ. प्रीतम सिंह खुगाई, पूर्व बैंक प्रबंधक बाबूलाल बडगूजर, प्रताप सिंह तंवर, शिक्षाविद् रामेश्वरलाल लोहवाड़िया, मनोज सैन भापर, हितेश शिल्ला, अंजू गांधी, अन्नू शिल्ला, धर्मपाल गांधी, सुनील गांधी, इंद्र सिंह शिल्ला, विनोद शिल्ला, दीक्षिता शिल्ला, प्रियांशु शिल्ला, ममता वर्मा, दरिया सिंह आदि अन्य लोग मौजूद रहे। आदर्श समाज समिति इंडिया के अध्यक्ष धर्मपाल गांधी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# होमगार्ड अजय वर्मा और सीताराम पास बुडाना का ग्रामीणों ने किया स्वागत

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं। सामाजिक कार्यकर्ता होमगार्ड अजय वर्मा एवं सीताराम बास बुडाना को 76 वें गणतंत्र दिवस पर झुंझुनूं जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित करने पर समाज के शुभचिंतकों ने सम्मानित किया। स्वर्ण जयंती स्टेडियम झुंझुनूं में जिला स्तरीय 76 वें गणतंत्र दिवस समारोह में सामाजिक सरोकारों को पूर्ण करने पर सामाजिक कार्यकर्ता होमगार्ड अजय वर्मा एवं सीताराम बास बुडाना को जिला प्रशासन झुंझुनूं एवं जिला कलेक्टर रामावतार मीणा द्वारा सम्मानित किया गया था। डॉक्टर राकेश माहिच एवं ओमप्रकाश भूरिया ने बताया कि अजय वर्मा लगातार संदेश देकर लोगों को जागरूक करते रहते हैं तथा सीताराम बास बुडाना ने देहदान का संकल्प,रक्तदान,शिक्षा,चिकित्सा,वृक्षारोपण सहित अनेकों मानवता हितार्थ कार्य करते रहते हैं। समाज को गौरवान्वित करने पर दोनों साथियों को साफा एवं माला पहनाकर सम्मान एवं स्वागत किया गया।



इस दौरान नरेंद्र कड़ाला, इंद्राज सिंह भूरिया,राकेश तूनवाल,मदनलाल गुडेसर, डॉक्टर महेंद्र सानेल, संदीप टंडन,जितेंद्र गर्वा, हरिश्चंद्र, महावीर, डॉक्टर राकेश माहिच, ओमप्रकाश भूरिया, अजय वर्मा, सीताराम बास बुडाना उपस्थित रहें।

# डिजिटल बैंकिंग में पीएचडी प्राप्त करने पर शुश्री अभिलाषों को किया सम्मानित

**ब्यरो -एनपीटी**

बून्दी !वनस्थली विद्यापीठ विश्वविद्यालय से डिजिटल बैंकिंग में पीएचडी प्राप्त करने वाली सुश्री अभिलाषा गुप्ता पुत्री अधिवक्ता हरीश गुप्ता को महाराव राजा वंशवर्धन सिंह बून्दी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाराव बून्दी ने सुश्री अभिलाषा गुप्ता के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनका यह शैक्षणिक योगदान आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगा।

डॉ अभिलाषा गुप्ता ने कहा, ₹यह सम्मान न केवल मेरा व्यक्तिगत गौरव है, बल्कि उन सभी छात्रों के लिए प्रेरणा है जो डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान कर रहे हैं। मैं अपने माता-पिता, शिक्षकों और मार्गदर्शकों की आभारी हूं, जिनके सहयोग से यह उपलब्धि संभव हो सकी।₹

सम्मान समारोह में अधिवक्ता हरीश गुप्ता, द नाहर संस्था के सचिव संजय खान, सदस्य सिल्वीन क्वार्डस, पूरणमल लालावत, सागर जैन, विजय सिंह सौलंकी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय प्रौद्योगिकी में शोध के महत्व पर भी चर्चा की गई। उपस्थित अतिथियों ने सुश्री अभिलाषा गुप्ता की उपलब्धि की सराहना करते हुए उनके निरंतर प्रगति की कामना की।

# विश्वकर्मा जयंती आजः धूमधाम से मनाई जाएगी, निकलेगी भव्य शोभायात्रा

खैरथल । शहर में श्री विश्वकर्मा जांगिड़ समाज विकास समिति खैरथल की और से दस फरवरी को विश्वकर्मा जयन्ति समारोह धूमधाम व समारोह पूर्वक मनाया जाएगा ।

जांगिड समाज खैरथल के अध्यक्ष मानसिंह जांगिड़ ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हरसौली रोड़ पर स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर खैरथल में श्री विश्वकर्मा महाराज की जयंति मनाई जाएगी।



जिसके तहत दस फरवरी सोमवार को प्रातः सवा आठ बजे हवन यज्ञ एवं आरती की जाएगी तथा सवा नो बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी !दोपहर सवा एक बजे प्रसादी का वितरण किया जाएगा ।

# इंजीनियर्स पॉइंट के टैलेंट सर्च एग्जाम में परीक्षार्थियों का महाकुम्भ

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल, 9 फरवरी 2025 झ इंजीनियर्स पॉइंट खैरथल द्वारा आज टैलेंट सर्च कम स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 1 से 8 तक के 2268 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस परीक्षा में छात्रों की अभूतपूर्व भागीदारी देखने को मिली, जिससे यह आयोजन एक ऐतिहासिक उपलब्धि बन गया।

इंजीनियर्स पॉइंट के निदेशक श्री आजाद चौधरी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ छात्रों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को निखारने और उन्हें प्रोत्साहित करने का कार्य करती हैं। उन्होंने परीक्षा में भाग लेने वाले सभी छात्रों, उनके अभिभावकों तथा उन स्कूल निदेशकों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अपने संसाधनों से विद्यार्थियों को इस परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया।

यह परीक्षा दो चरणों में आयोजित की जा रही है। पहला चरण आज संपन्न हुआ, जबकि द्वितीय चरण का आयोजन 13 अप्रैल 2025 को कक्षा 9 से 12 के छात्रों के लिए किया जाएगा। आज हुई परीक्षा का परिणाम 17 फरवरी 2025 को शाम 5:00 बजे घोषित किया जाएगा, जिसे परीक्षार्थी इंजीनियर्स पॉइंट खैरथल के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर देख सकेंगे।



एग्जाम कोऑर्डिनेटर आचार्य राजेश कुमार ने बताया कि इस परीक्षा में खैरथल जिले के अलावा दौसा, जयपुर, सीकर, अलवर, भरतपुर सहित अन्य राज्यों से भी छात्र शामिल हुए। यह परीक्षा छात्रों के लिए न केवल एक बड़ा अवसर है, बल्कि स्कॉलरशिप के रूप में उन्हें नकद राशि प्राप्त करने का भी सुनहरा मौका प्रदान करती है। उन्होंने यह भी कहा कि इंजीनियर्स पॉइंट खैरथल पूर्व में भी छात्रों को स्कॉलरशिप प्रदान करता आया है और भविष्य में भी ऐसे अवसर उपलब्ध कराता रहेगा।

इस परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र बेहद उत्साहित और संतुष्ट नजर आए, और उनके अभिभावकों ने इस प्रकार के आयोजन के लिए संस्थान को बधाई दी।

# सरिस्का विस्थापितों परिवारों को मिला नया आशियानाः केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने सौंपी जमाबंदी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल-तिजारा, 9 फरवरी। सरिस्का बाघ परियोजना के अंतर्गत विस्थापित परिवारों के पुनर्वास एवं विकास के लिए केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव एवं राज्य पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा, तिजारा विधायक महंत बालक नाथ योगी तथा प्रशासन के समन्वित प्रयासों से ऐतिहासिक कार्य पूरा हुआ। सर्वप्रथम ग्राम कांकवाडी के 8 परिवारो के विस्थापन की कार्यवाही की गई तथा इसके उपरांत सुकोला के 24, पानीढाल के 24, हरिपुरा के 9, डाबली के 14 एव लोज के 99 परिवारो कुल 178 परिवारो को कुल 178 परिवारों को 350 हेक्टेयर आरक्षित वन भूमि पर पुनर्वास किया गया। विस्थापित परिवारों को 60७90 फीट( 600 वर्ग गज) के आवासीय भूखंड और 6 बीघा कृषि भूमि आवंटित की गई।



केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने रूंध तिजारा में आयोजित कार्यक्रम में विस्थापित परिवारों को संबोधित किया और वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने विस्थापन प्रक्रिया को सरकार की एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए इसे सामाजिक और पर्यावरणीय समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

विस्थापित परिवारों के बच्चों की शिक्षा के लिए प्राथमिक विद्यालय निर्माण हेतु केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री ने स्कूल में दो नए कमरे संसदीय कोष से बनवाने की घोषणा की तथा दो कमरों का प्रस्ताव सरकार को भेजने के लिए निर्देशित किया एवं एक कमरा पूर्व सभापति नगर परिषद भिवाड़ी संदीप दायमा ने बनाए जाने की घोषणा की।

राज्य पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि सरिस्का क्षेत्र राष्ट्रीय नहीं अपितु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़े इस हेतु तत्परता से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरिस्का में वर्तमान में कुल 42 बाघ/बाघिन है। उन्होंने कहा कि गैर खातेदारी अधिकार मिलने पर सभी परिवारों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया कि विस्थापन स्थल पर दो आवासीय कॉलोनियां विकसित की गईं। पेयजल सुविधा के लिए बोरवेल का निर्माण और बिजली कनेक्शन प्रदान किए गए। प्रत्येक घर तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पानी की टंकी बनाई गई। आवासीय कॉलोनियों में ग्रेवल सड़कें और कृषि भूखंडों तक पहुँच के लिए रास्ते बनाए गए हैं।

सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार विस्थापित परिवारों को गैर-खातेदारी अधिकार दिए गए। जिला कलेक्टर के आदेशानुसार 350 हेक्टेयर भूमि को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। इसके बाद प्रशासन ने तत्परता से संबंधित व्यक्तियों के नाम जमाबंदी में दर्ज करने की कार्यवाही पूरी की जा रही है जिसके तहत कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री, अध्यक्ष राज्य पर्यावरण मंत्री सहित उपस्थित अतिथिगणों ने 21 परिवारों को भूमि जमाबंदी वितरित की गई।

उन्होंने बताया कि वन भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में शामिल होने से विस्थापित परिवार अब कृषि ऋण, पीएम आवास योजना, किसान सम्मन निधि योजना सहित केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी ज्येष्ठा मैत्रेयी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक जयपुर शिखा मेहरा, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक राजेश गुप्ता, वन संरक्षक एंव क्षेत्र निदेशक सरिस्का बाघ परीयोजना अलवर संग्राम सिंह कटियार, तिजारा प्रधान जेपी यादव, पूर्व सभापति नगर परिषद भिवाड़ी संदीप दायमा सहित जनप्रतिनिधि एवं विस्थापित परिवार मौजूद रहे।

# साइबर अपराधों की रोकथाम व अपराधियों पर कार्रवाई के निर्देश

## एसपी रामसेवक गौतम ने पुलिस लाइन में की सैनिक सम्मेलन व कानून व्यवस्था की समीक्षा






**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** एसपी रामसेवक गौतम ने रविवार को पुलिस लाइन में सैनिक सम्मेलन एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। एसपी ने गोष्ठी में मौजूद पुलिसकर्मियों को साइबर अपराधों की रोकथाम, एंटी रोमियो टीम का गठन कर आरोपितों पर कार्रवाई के लिए अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। रविवार को पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में एसपी रामसेवक गौतम ने सैनिक सम्मेलन, अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। इस मौके पर एसपी ने अपराधों की रोकथाम, मुकदमों की समीक्षा, अपराधियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए गैंगेस्टर, गुंडाएक्ट व गैंग पंजीकरण कराने, लंबित विवेचनाओं का निस्तारण, जन सुनवाई के निर्देश दिए। गोष्ठी में महिला उत्पीडन, अनुसूचित जाति, जनजाति से संबंधित अपराधों, कार्रवाई की मासिक समीक्षा व प्रगतिशील सूचना के संबंध में भी निर्देश दिए। एसपी ने एंटी रोमियो टीम का गठन कर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई व साइबर अपराधों के खिलाफ अभियान चलाते हुए आम जनमानस को भी इसके प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित प्रार्थना पत्रों व अपहताओं की भी शीघ्र बरामद के दिशा निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका प्रमुखता से समाधान कराना पहला कर्तव्य है, फरियादियों व जनप्रतिनिधियों से शालीन व्यवहार करें ताकि कोई भी फरियादी बिना किसी डर के अपनी समस्या बता सके। एसपी रामसेवक गौतम ने पुलिसकर्मियों की समस्याएं भी सुनी तथा उनके निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में एएसपी संतोष कुमार सिंह, सीओ सिटी अमरदीप मौर्य, सीओ कैराना श्याम सिंह भी मौजूद रहे।

# एलएलबी के छात्र को नीरज बवाना गैंग से मिली जान से मारने की धमकी

## इंस्ट्राग्राम आईडी पर गैंग के नाम से धमकियां, चार-पांच दिन पूर्व भी हुआ था हमला

■ पीडित युवक ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर, सुरक्षा की गुहार लगायी




**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव लिसाढ निवासी एलएलबी के एक छात्र को इंस्ट्राग्राम पर दिल्ली के बवाना गैंग द्वारा जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीडित का कहना है कि चार-पांच दिन पूर्व कुछ लोगों ने उस पर हमला भी किया था और उसे लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही है। पीडित युवक ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर जान का खतरा जताते हुए सुरक्षा की गुहार लगायी है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव लिसाढ निवासी प्रिंस मलिक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह शामली में रहकर एलएलबी की पढाई व सरकारी जॉब की तैयारी कर रहा है। जनवरी के पहले सप्ताह में उसकी इंस्ट्राग्राम आईडी पर उसे जान से मारने की धमकी दी गयी। धमकी देने वाले ने अपने आपको दिल्ली के नीरज बवाना गैंग का आदमी बताया। उसने इसे मजाक समझकर अनदेखा कर दिया लेकिन इसके चार-पांच दिन बाद जब वह अपनी बाइक से किसी काम से बनत जा रहा था तो एसटी तिराहे के निकट ने सफेद रंग की एक स्विफ्ट कार सवार कुछ लोगों ने उसे टक्कर मार दी जिस पर वह गिर पडा। कार से उतरे लोगों ने उसके साथ गाली गलौच की। उक्त लोगों के पास हथियार देकर वह चुपचाप वहां से निकल गया। उसने इस घटना की कोई पुलिस शिकायत भी नहीं की। अब शनिवार की रात करीब सवा 11 बजे उसकी इंस्ट्राग्राम आईडी पर फिर से जान से मारने की धमकी दी गयी। धमकी देने वाले ने बताया कि दिल्ली से यह आईडी नीरज बवाना भाई ने भेजी है और तेरी हत्या की सुपारी मिली हुई है। पीडित प्रिंस मलिक का कहना है कि उक्त लोग उसके शामली व गांव का पूरा पता जानते हैं तथा उसे घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीडित ने जान का खतरा जताते हुए पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाते हुए दोषियों के खिलाफ भी कडी कार्रवाई करने की गुहार लगायी है। प्रिंस मलिक ने इस संबंध में प्रधानमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय, पुलिस कमिश्नर, शामली पुलिस आफिस व सीओ कार्यालय पर भी प्रार्थना पत्र देकर सुरक्षा की मांग की है। पुलिस ने पीडित को सुरक्षा का आश्वासन देते हुए जांच पडताल प्रारंभ कर दी है।

# सर्वकामना सिद्ध संकटमोचन महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने दी आहूति





■ काकानगर स्थित श्री हनुमान मंदिर में हुआ महायज्ञ का आयोजन, पहुंचे श्रद्धालु

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** शहर के मौहल्ला काकानगर स्थित हनुमान मंदिर में 16वां सर्वकामना सिद्ध संकटमोचन महायज्ञ का आयोजन किया गया। महायज्ञ में शामली व आसपास के जनपदों व देहात क्षेत्रों से भी बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर आहूति प्रदान की। शहर के मौहल्ला काकानगर स्थित श्री हनुमान मंदिर में रविवार को 16वां पुत्र कामेष्टि संकटमोचन महायज्ञ का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्री सत्यनारायण इंटर कालेज के अध्यक्ष सुशील कुमार गर्ग व श्री गौशाला सभा के सचिव राजेन्द्र गर्ग रहे। महायज्ञ में बडी संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने पहुंचकर महायज्ञ में आहूति प्रदान की। मंदिर के पुजारी पं. संजय शास्त्री ने बताया कि सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक महायज्ञ का आयोजन हुआ। उन्होंने बताया कि इस महायज्ञ में आहूति देने से निसंतान दंपत्ति को पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है। अभी तक कई दंपत्तियों को पुत्र रत्न की प्राप्ति भी हो चुकी है। इस महायज्ञ में शामली सहित दूर दराज के श्रद्धालुओं सहित अन्य राज्यों दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड आदि से भी बडी संख्या में श्रद्धालु महायज्ञ में आहूति देने आते हैं। इस मौके पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। इस मौके पर सभासद पति पकंज गुप्ता, प्रिंस शर्मा, विकास कुमार, विकास शर्मा, नितिन, अभिषेक, आयुष संगल, आकाश शर्मा, संजीव कुमार, अभिषेक गोयल, पंडित सागर शास्त्री रहे। भजनों का गुनगान श्रवण मस्ताना ग्रुप ने किया।

### खाटू श्याम का भव्य दरबार भी लगाया

महायज्ञ के दौरान खाटू श्याम का भव्य दरबार भी लगाया गया। इस दौरान लोगों ने दर्शन किए। महायज्ञ में आठ राज्यों से करीब दस हजार से अधिक पहुंचे थे। वहीं, दिनभर खीर का प्रसाद और विशाल भंडारे में भी हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## पुलिस के हत्थे चढे दो चोर, चोरी किए 5 सिलेंडर बरामद

शामली। कोतवाली शामली पुलिस ने प्राथमिक स्कूल व घर में चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 2 चोरों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से चोरी किये हुए 5 गैस सिलेण्डर व चोरी की घटना में प्रयुक्त 1 रेहड़ा बरामद किया है।

ज्ञात रहे कि गत 7 फरवरी को वादियां रेशमा प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विधालय ग्राम सिम्भालका जनपद शामली ने विधालय की रसोई से 04 गैस सिलेण्डर व रसोई के बर्तन आदि सामान को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने के सम्बन्ध में व 8 फरवरी को वादी अंजू कुमार उर्फ काला पुत्र महावीर निवासी ग्राम ताजपुर सिम्भालका के घर से 01 गैस सिलेण्डर व अलमारी तोड़कर 9 हजार रुपये की नगद राशि चोरी करने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर तहरीर दाखिल की गई थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किये गये थे। कोतवाली शामली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 2 चोरों को 5 गैस सिलेण्डर व चोरी की घटना में प्रयुक्त 1 रेहड़ा सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। चोरों ने अपने नाम .अभिलाष उर्फ सानु पुत्र राजपाल निवासी ग्राम सिम्भालका व विशाल पाल पुत्र ऋषिपाल निवासी मौहल्ला रामसागर गली नं 4 थाना कोतवाली शामली बताए है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर कार्यवाही की जा रही है ।

## 96 मरीजों की जांच, 14 को आपरेशन के लिए चयनित



शामली। समर्पण सेवा ट्रस्ट एवं जगत बंधु सेवा ट्रस्ट शामली द्वारा रविवार को गांव लांक में 26वें निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 96 मरीजों की जांच कर 14 मरीजों को आपरेशन के लिए चयनित किया गया। जानकारी के अनुसार रविवार को गांव लांक में संगठन द्वारा आयोजित निशुल्क नेत्र जांच शिविर में नेत्र चिकित्सक डा. राहुल गोयल द्वारा 96 मरीजों की जांच कर निशुल्क दवाईयां वितरित की गयी। जांच के बाद 14 मरीजों में सफेद मोतियाबिंद की शिकायत मिलने के बाद उन्हें आपरेशन के लिए चयनित किया गया। सभी मरीजों के देहरादून में निशुल्क आपरेशन कराए जाएंगे। संस्था के संस्थापक अमन नामदेव, संदीप उपाध्याय, डा. प्रशांत शर्मा, पुनीत कुमार, रेणू नामदेव, सचिन, रेखा आदि भी मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार :

### 95 मरीजों की जांच कर 78 मरीजों को मिले निशुल्क चश्मे

शामली। लोक स्वास्थ्य सेवा समिति द्वारा रविवार को अस्पताल रोड पर आयोजित निशुल्क आंखों की जांच एवं चश्मा कैंप में 95 मरीजों की जांच कर 78 मरीजों को चश्मों का वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार रविवार को समिति द्वारा अस्पताल रोड पर 84वां निशुल्क आंखों की जांच एवं चश्मा वितरण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडीएम न्यायिक परमानंद झा व अध्यक्ष कुलदीप गोयल ने किया। कैंप में नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. अब्दुल बासित द्वारा 95 मरीजों की जांच कर 78 मरीजों को चश्मे के नंबर दिए जिसके बाद सभी मरीजों को निशुल्क चश्मों का वितरण किया गया। इस अवसर पर संजय कुमार त्य llगी, रवि संगल, नरेन्द्र, उस्मान, नाबील, पवन संगल आदि मौजूद रहे।

### किशोरी के अपहरण के मामले में दी तहरीर

कैराना। किशोरी का अपहरण कर ले जाने के मामले में किशोरी के पिता ने कोतवाली में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। गांव तितरवाड़ा निवासी ने कोतवाली तहरीर देकर बताया कि शनिवार रात गांव का ही दूसरे समुदाय का युवक उसकी 17 वर्षीय बेटी का अपहरण करके ले गया। उन्हें डर है कि आरोपी उसकी बेटी के साथ कोई अनहोनी घटना घटित कर सकता है। तहरीर में किशोरी को जल्द बरामद करने व आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं, मामला दो समुदाय से जुडा होने के कारण परिजनों में रोष बना हुआ है।

### प्रेम पत्र लेने से इनकार करने पर मारपीट में मुकदमा दर्ज

कैराना। क्षेत्र की एक बस्ती निवासी महिला ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोहल्ला आलखुर्द सफा कॉलोनी निवासी विपिन उसके ऊपर बुरी नजर रखता है। शुक्रवार शाम छह बजे वह घर पर अकेली बैठी थी। इसी दौरान विपिन आया और उसे प्रेम पत्र और मोबाइल नंबर देकर कहने लगा कि मुझसे बात करती रहा करो। उसने इंकार कर दिया तो आरोपी कुछ देर बाद विपिन अपने भाइयों अंकित और रजनीश तथा पिता मांगू के साथ आया और गाली—गलौज करने लगे। उसके द्वारा गाली देने से मना करने पर आरोपियों ने लात घुसो से उसके साथ मारपीट की।

## ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से दंपत्ति और दो बेटी घायल

**एनपीटी संवाददाता**

कैराना। आर्यपुरी बाईपास पर ट्रैक्टर ट्राली और कार की टक्कर में कार सवार दंपति तथा उनकी दो बेटियां घायल हो गई। घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। शनिवार रात करीब नौ बजे पानीपत बाईपास पर रहने वाला 30 वर्षीय शमीम अपनी पत्नी 27 वर्षीय साजिया, साढ़े 5 वर्षीय बेटी आयत और साढ़े 3 वर्षीय बेटी इशरत तथा ढाई वर्षीय बेटे हमजा के साथ कार द्वारा शामली से अपने घर जा रहे थे। आर्यपुरी बाईपास पर पुरानी ईंट से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली अचानक सड़क पर आ गई, जिससे कार और ट्रैक्टर ट्राली की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर लगने से कार के दोनों एयरबैग खुल गए, लेकिन टक्कर इतनी भयंकर थी कि कार के परखच्चे उड़ गए तथा कार चला रहा शमीम और उसकी पत्नी साजिया तथा बेटी इशरत व आयत घायल हो गए, जबकि ढाई वर्षीय हमजा बाल बाल बच गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को शामली जिला चिकित्सालय पहुंचाया। घायल शमीम ने बताया कि वो रात नौ बजे अपने घर आ रहे थे। एयरबैग खुलने से परिवार के लोगों की जान बच गई। उसकी पत्नी साजिया को फ्रैक्चर आया है। उन्हें जिला चिकित्सालय से छुट्टी दे दी गई है।

# शादी से इंकार करने पर युवक पर कराया था हमला

## पुलिस ने युवक पर हमले के मामले में दो युवकों समेत एक अभियुक्ता को भी किया गिरफ्तार



शामली। शादी से इंकार करने पर युवती ने अपने जीजा के साथ मिलकर युवक पर जानलेवा हमला कराया था। इस मामले में कोतवाली शामली पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त 2 अभियुक्त व 1 अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त की निशानदेही पर बलकटी बरामद हुई है। ज्ञात रहे कि गत 6 फरवरी को वादी कमल पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम मुण्डेटकला थाना आदर्शमंडी जनपद शामली ने तहरीर दी थी कि उसका भाई अंश उधम सिंह स्टेडियम में रेस लगाकर घर लौटते समय अज्ञात व्यक्तियों द्वारा धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया था। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। शामली पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त अभियुक्त व अभियुक्ता को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तों ने अपने नाम उत्तम भाटी पुत्र जितेन्द्र कुमार निवासी अटल विहार नियर एमजी पब्लिक स्कूल थाना कोतवाली शामली, राहुल पुत्र बिजेन्द्र सैनी निवासी मौहल्ला पंसारियान बडी माता के पास तथा अभियुक्ता निक्की पुत्री रामपाल निवासी छोटी मुण्डेट थाना आदर्श मण्डी बताए है। अभियुक्त राहुल ने घटना के सम्बन्ध में बताया कि मेरे मौहल्ले का मोनू पुत्र अशोक मेरा दोस्त है। मोनू की साली से अंश पुत्र कर्मपाल निवासी मुण्डेट कला थाना आदर्श मण्डी मोबाइल पर बाते करता था। मोनू की साली अंश से शादी करना चाहती थी, लेकिन अंश ने उससे शादी करने से मना कर दिया। यह बात मोनू को पता चली तो उसने अंश को कई बार समझाया भी था परंतु अंश ने शादी करने से मना कर दिया। इसी बात पर नाराज होकर मोनू व उसकी साली ने अंश को सबक सिखाने की योजना बनाई। योजनानुसार गत 5 फरवरी को मोनू के साथ राहुल, उत्तम तथा मोनू के दोस्त रजत पुत्र सतीश निवासी मौहल्ला पंसारियान, भोला उर्फ शिवांशु पुत्र मुकेश निवासी एकता विहार कॉलोनी पानीपत हरियाणा, अतुल उर्फ गोडहेन्ड पुत्र मांगेराम निवासी अटल विहार व अन्य दो तीन साथी जिनके नाम मोनू को पता है। हम सब ऊधम सिंह स्टेडियम के पास धर्मवीर कालोनी के पास खडे हो गये और अंश के आने का इंतजार करने लगे कुछ देर बाद अंश स्टेडियम से बाहर आया तो हम सब ने अपने हाथो मे लिये बलकटी, फर्सा व लोहे की सरियो से अंश पर वार उसे अधमरी हालत मे छोडकर वहाँ से भाग गये थे।

# जीवन रियल लाइफ ना कि रील लाइफ, इसमें कोई रीटेक नहीं : रोहित राजपूत

■ सिम्भालका में चल रहे रासेयो शिविर के पांचवें दिन सडक सुरक्षा की दी जानकारी




**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** गांव सिम्भालका में चल रहे वीवी इंटर कालेज की रासेयो के सात दिवसीय शिविर में रविवार को एआरटीओ ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जीवन रियल लाइफ है, ना कि रील लाइफ, इसमें कोई रीटेक नहीं होता।

गांव सिम्भालका स्थित कंपोजिट विद्यालय में चल रहे रासेयो शिविर के पांचवें दिन के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए एआरटीओ रोहित राजपूत ने छात्र-छात्राओं से कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय नियमों का पालन किया जाना चाहिए क्योंकि प्रतिवर्ष देश में होने वाले दुर्घटनाओं में 65 प्रतिशत लोग युवा होते हैं, और जो थोड़ी सी लापरवाही के कारण असमय ही मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन रियल लाइफ है ना कि रील लाइफ इसमें कोई रीटेक नहीं होता। उन्होंने छात्र-छात्राओं से नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि सभी को हेलमेट लगा कर ही वाहन चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें सभी को सड़क पर घायल व्यक्ति की मदद करनी चाहिए तथा उसे अस्पताल तक पहुंचना चाहिए। ऐसे व्यक्ति को सरकार और पुलिस द्वारा भी पुरस्कृत किया जाता है।

इस मौके पर डा. उनेन्द्र शर्मा ने शिविर में मौजूद छात्र-छात्राओं के हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप की जांच भी की गयी। इस मौके पर मां शाकुंभरी विवि रासेयो कोआर्डिनेटर डा. भूपेन्द्र कुमार, मुकेश चौधरी, डा. अनुराग शर्मा, क्रीड़ा प्रभारी अमरपाल सिंह मुकेश चौधरी आशा जांगिड़ आकाश गर्ग सहित तरन्नुम जुबैर वैष्णवी योगी गौरी, शालू आदि भी मौजूद रहे।

# जिनेन्द्र भगवान की आराधना से सफल होते हैं सभी प्रयास: सौरभ सागर

## पंचकल्याण महोत्सव में भाग लेकर अपनी आत्मा को पवित्र करें श्रद्धालु, जैन धर्मशाला में मुनिश्री के प्रवचनों में उमड रही श्रद्धालुओं की भीड



**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** जैन मुनि 108 सौरभ सागर जी महाराज ने कहा है कि जिनेन्द्र भगवान की आराधना करने से आपके द्वारा जीवन में किए गए सभी प्रयास सफल होंगे। उन्होंने कहा कि पंच कल्याण महोत्सव में भाग लेकर अपनी आत्मा को पवित्र करें।

रविवार को जैन धर्मशाला में आयोजित प्रवचनों में महाराजश्री ने कहा कि अपनी आत्मा के कल्याण के लिए पंचकल्याण महोत्सव में जरूर भाग लें। जिनेन्द्र भगवान की आराधना करने से आप जो भी प्रयास करें वह सफल जरूर होगा। उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्य को निर्धारित करो, सभी श्रद्धालु भगवान की कृपा के लिए तैयार रहें। जीवन अनमोल है यह बार-बार नहीं मिलता और ऐसा मौका भी बार-बार नहीं आता। पंचकल्याण प्रतिष्ठा पूजा नहीं एक विज्ञान है। उन्होंने कहा कि भगवान मुनि सुव्रतनाथ के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। पंच कल्याणक महोत्सव में 6 दिन उनकी पूजा आराधना करनी है। जीवन में अगर भाव होंगे तभी हमारा कल्याण होगा। संतों की कृपा से ही सब कार्य सफल होते हैं। उनकी कृपा से जीवन को सही दिशा मिलती है, वे भगवान से मिलाने में भी सहायक है। जैन मुनि ने कहा कि संतों की हमेशा पूजा अर्चना करो, उनका सम्मान करो, इससे आपका कल्याण होगा। इससे पूर्व श्री श्री मज्जिनेन्द्र मुनिसुव्रतनाथ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति शामली एवं श्री 1008 पार्श्वनाथ अतिशय दिगंबर जैन मंदिर कमेटी शामली द्वारा जैन धर्मशाला में सभी पात्रों, इंद्र-इंद्राणियों व सकल जैन समाज ने जैन मुनि को श्रीफल भेंट किया। इस अवसर पर मुख्य संयोजक प्रवीन जैन, अध्यक्ष मयंक जैन, वैभव जैन, प्रवीण जैन, वीरेश जैन, रवि जैन, आलोक जैन, कमल जैन, रितेश जैन, दिनेश जैन, शरद जैन, अनिल जैन, शिवम जैन, सिद्धार्थ जैन, अंकुर जैन, पंकज जैन मीडिया प्रभारी, स्वाति जैन मौजूद रहे।

### आज से प्रारंभ हो रहा पंचकल्याणक महोत्सव

शामली। पंचकल्याणक महोत्सव कमेटी के अध्यक्ष मयंक जैन ने बताया कि सोमवार को पंच कल्याण महोत्सव की शुरुआत हो रही है। सुबह 8 बजे घटयात्रा निकाली जाएगी जो वीवी इंटर कालेज से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होकर निकाली जाएगी। घटयात्रा में महिलाएं सिर पर कलश लेकर चलेंगी। घटयात्रा का शहर में कई स्थानों पर स्वागत भी किया जाएगा जिसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। शहर के विभिन्न मार्गों को रंग-बिरंगी लाइटों एवं सुंदर तोरणद्वारों से सजाया गया है। इस महोत्सव में शामली के अलावा पानीपत, दिल्ली, सहारनपुर, कैराना, जयपुर आदि से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे जिनके ठहरने व खानपान की भी उचित व्यवस्था की गयी है।

# वीवी इंटर कालेज के संस्थापक सलेकचंद संगल को श्रद्धांजलि

## शहीद दिवस पर कालेज में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन, वक्ताओं ने रखे विचार



**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** शहर के वीवी इंटर कालेज के संस्थापक बाबू सलेकचंद संगल के शहीद दिवस पर रविवार को कालेज में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में कालेज प्रबंध समिति के पदाधिकारियों, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने सलेकचंद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। रविवार को शहर के वीवी इंटर कालेज के संस्थापक सलेकचंद के शहीद दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा के मौके पर स्काउट प्रभारी प्रमोद कुमार ने कहा कि बाबू सलेकचंद को शिक्षा ऋषि एवं सबका हित चाहने वाले महान व्यक्तित्व के धनी के रूप में याद किया जाता है। व्यायाम शिक्षक अमरपाल ने कहा कि उनका व्यक्तित्व ऐसा था कि जो भी उनसे मिलता था, बस उन्हीं का हो जाता था। दीप कुमार पांडे ने कहा कि बाबू सलेकचंद संगल के कार्य उन्हें अमर बनाते हैं। प्रबंध समिति के अध्यक्ष डा. पंकज गर्ग ने कहा कि हमारा लक्ष्य विद्यालय के प्राचीन वैभव को वापस दिलाना होना चाहिए और इसके लिए प्रबंधकारिणी से जो भी आवश्यकता होगी उसे पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर कालेज के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने भी बाबू सलेकचंद संगल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में एनसीसी प्रभारी रजनीश कुमार, शालू तोमर, डा. मनोज शर्मा, संजय संगल, प्रधानाचार्य एसके आर्य, ध्रुव कुमार, शशांक, नीरज संगल, मनोज कुमार, नीरज कुमार शर्मा, राजवीर सिंह, राजनाथ सिंह, दिनेश तोमर, तरूण निर्वाल, सुमित, प्रदीप आर्य, संजीव कुमार शर्मा, डा. विजय कुमार, अर्जुन राम, डा. अनुराग शर्मा, डा. अर्चना शर्मा, अनुराधा, नीरज, रेणू बाला आदि भी मौजूद रहे।

## डीसी - एसपी ने अवकाश अवधि में भी श्रमदान कर सफाई अभियान की

# उत्कृष्ट पंक्ति को किया कलमबद्ध, जिला वासियों से की अपील

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), पाकुड़ उपायुक्त मनीष कुमार अल्प समय अन्तराल के अवधि में ही पाकुड़ वासियों के हृदय में अपनी कार्यशैली की उम्दा पंक्ति को समायोजित करने में कामयाब रहे हैं, जिसका नतीजा है कि पाकुड़ के हर तबके में यानी साधारण व्यक्ति से लेकर बुद्धिजीवी या फिर वीआईपी पर्सन भी उनके कार्यशैली के कायल बन चुके हैं। जिला को नई दिशा देने के लिए कई अहम प्लानिंग को धरातल पर चरितार्थ करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं, चाहे शिक्षा व स्वास्थ्य को लेकर नये आयाम स्थापित करने की दिशा में हो या फिर साफ- सफाई/ स्वच्छता या सौंदर्यीकरण के नया आयाम स्थापित करने की दिशा में हो, यानी हर एक पंक्ति को धरातल पर दशार्ने में लगे हैं जो जगजाहिर है। इन सभी अवयवों को बास्तविक स्वरूप चरितार्थ करने में कहीं न कहीं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार की एक्टिविटी यानी भूमिका भी जगजाहिर है। वही बीते रविवार को यानी अवकाश अवधि में भी प्रोजेक्ट एस०आई०पी० यानी सस्टेनेबली इंप्रूविंग पाकुड़ के निमित्त सफाई अभियान के तहत पाकुड़ उपायुक्त मनीष कुमार और पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार की संयुक्त भागीदारी से सफाई अभियान चलाया गया। इस सफाई अभियान में समाहरणालय परिसर में स्थित सभी कार्यालय के पदाधिकारी समेत कर्मियों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। सफाई अभियान में उपायुक्त मनीष



कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने भी अपना एक दिवसीय श्रमदान साझा किया। उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने खुद अपने हाथों से सफाई अभियान में श्रमदान कर सफाई अभियान की कशमकश सुरातेहाल पेश किया। उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने सफाई अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए खुद अपने हाथों से साफ - सफाई किया। यदि सफाई अभियान की कशमकश सुरातेहाल पर गौर करे तो पाकुड़ उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, डीडीसी महेश कुमार संथालिया, अपार समाहर्ता जेम्स सुरीन, आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, भू- अर्जन पदाधिकारी अजय बराइक सिंह, समाज कल्याण पदाधिकारी, डीएसपी जितेन्द्र कुमार, विशेष कार्यपालक पदाधिकारी त्रिभुवन सिंह, डीएसओ, नगर प्रशासक अमरिंदर कुमार चौधरी व एसडीओ साइमन मरांडी समेत सभी विभाग के कर्मियों ने अवकाश/छुट्टी के दिन यानी रविवार को सुबह करीब सात बजे से ग्यारह बजे तक सफाई अभियान के तहत अपना बहुमूल्य समय साझा करते हुए श्रमदान कर सफाई अभियान को सफल बनाने की दिशा में समाहरणालय परिसर समेत आसपास अपने हाथों से सफाई कर एक उत्कृष्ट पंक्ति को कलमबद्ध किया जो काबिले तारीफ है। वही उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि प्रोजेक्ट एस०आई०पी० यानी सस्टेनेबली इंप्रूविंग पाकुड़ के निमित्त स्वस्थ और स्वच्छ आयाम स्थापित करने की शुरूआत के ध्यानार्थ एवं मुख्यमंत्री का सपना जो झारखण्ड को स्वस्थ और स्वच्छ बनाना है कि लक्ष्य के ध्यानार्थ आज समाहरणालय परिसर समेत जिले के सभी कार्यालय, प्रखण्ड/अंचल कार्यालय सहित थाना/ अस्पताल परिसर अन्य में भी सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें सभी ऑफिसर्स कर्मी व एसपी, पुलिस पदाधिकारी ने भी भागीदारी सुनिश्चित किया।

उन्होंने कहा कि यह लगातार जारी रहेगा। उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छता से न केवल कार्यालय का वातावरण सुधरेगा, बल्कि कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा। सफाई अभियान के दौरान कचरा प्रबंधन, फाइलों की व्यवस्थित ढंग से रख-रखाव और कार्यालय परिसर की सफाई पर विशेष ध्यान दिया। उपायुक्त मनीष कुमार ने जिला में कार्यरत सभी पदाधिकारियों समेत कर्मियों के अलावे जिलावासियों को भी अपना कर्तव्य का निर्वहन करते हुए स्वच्छता/ सफाई अभियान में अपना योगदान साझा करने की अपील किया। ताकि आने वाले समय में पाकुड़ जिला राज्य स्तर पर सफाई अभियान यानी स्वच्छता की उम्दा पंक्ति को दशार्ने में सफलता हासिल कर सके। वही पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि सफाई अभियान में जिला प्रशासन के निचले कर्मियों से लेकर जिले के आलाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया और सुबह 7:00 बजे से 11:00 तक इस अभियान को सफल बनाने में अपना भागीदारी सुनिश्चित किया। उन्होंने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि जिले में जो जहां रहते हैं या फिर कार्य करते हैं, वे अपने आसपास को स्वच्छ रखे, जिससे सफाई अभियान की जो लक्ष्य स्वस्थ और स्वच्छता की उत्कृष्ट अवयव स्थापित हो सके।

# झामुमो की सदस्यता अभियान को ले अजीजुल ईस्लाम व श्याम यादव ने की भागीदारी



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), झामुमो की सदस्यता अभियान के तहत प्रखण्ड पाकुड़ के पंचायत झिकरहटी में पर्यवेक्षक की बैठक संयोजक प्रमुख अजीजुल ईस्लाम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम यादव शामिल हुए। उक्त बैठक में झिकरहाटी पश्चिम, उदयनारायणपुर, झिकरहाटी पूर्वी, किस्मतकदमसर पंचायत के कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक के दौरान कार्यकताओं को संयोजक प्रमुख एजाजुल इस्लाम एवं जिला अध्यक्ष श्याम यादव ने निर्देशित करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को सदस्यों बनाने का एवं सशक्त पंचायत कमेटी बनाने पर जोर देते हुए आवश्यक दिशा- निर्देश दिया। उक्त बैठक में मुख्य रूप से पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष मुस्लेउद्दीन शेख, पूर्व उपाध्यक्ष अजफरुल शेख, फिरोज अली, कौसर शेख, मोबारक हुसैन, फुरकान शेख, फिटू शेख, बारीक शेख, सफीकुल इस्लाम, फेकारुल, जोरसीद शेख सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सफाई अभियान में पुलिस अधीक्षक ने की भागीदारी, टाइगर मोबाइल जवानों की सराहनीय कार्य कर किया गया पुरस्कृत




**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), बीते प्रातः 07.00 बजे से 10.00 बजे पूर्वाह्न तक पाकुड़ जिलान्तर्गत सभी पुलिस प्रतिष्ठान (कार्यालय/थाना/ओपी/ अनुमण्डल पुलिस कार्यलय) में पुलिस पदाधिकारी/पुलिसकर्मियों द्वारा श्रमदान कर कार्यालय/ थाना परिसर को साफ/ स्वच्छ किया गया। सफाई अभियान में पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ व पुलिस उपाधीक्षक, पाकुड़ समेत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी/सभी पुलिस निरीक्षक/थाना प्रभारी द्वारा भी श्रमदान किया गया। वही पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ के आदेशानुसार टाइगर मोबाईल के जवानों द्वारा अवैध कोयला परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें 24 जनवरी 2025 से 06 फरवरी 2025 तक अवैध कोयला परिवहन करते 01 टोटो, 07 मोटरसाईकिल एवं 37 साइकिल को जब्त किया गया। उक्त सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ द्वारा टाइगर मोबाइल के जवानों को दो- दो हजार रुपए नगद राशि से पुरस्कृत किया गया।

# सड़क सुरक्षा टीम ने चलाया वाहन जांच अभियान, लगाया जुमार्ना

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), जिला सड़क सुरक्षा प्रवर्तन जांच दल के द्वारा उपायुक्त पाकुड़ मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के आदेशानुसार एवं जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर के नेतृत्व में रविवार 9 फरवरी 2025 को दोपहर करीब 02: 00 से शाम 5:30 बजे तक पाकुड़ मुफ्फसिल थाना के समक्ष पाकुड़ धुलियान पथ पर वाहन जांच अभियान



चलाया गया। जिसमें मुख्य रु से ऐसे वाहन चालक जो बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना इन्शुरेंस एवं अन्य जरुरी कागजात नहीं लगाने एवं नहीं रखने को लेकर मोटरवाहन अधिनियम 2019 के तहत दंड की राशि वसूल की गई है। वही करीब 29 वाहन जांच किया गया, जिसमें से करीब 16 वाहन (बाइक/टोटो/ ट्रक) व बगैर हेलमेट प्रयोग के ड्राइव

# प्रयाग राज बने पाकुड़ नगर थाना प्रभारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष व प्रखण्ड अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ नगर थाना के नवपदास्थापित थाना प्रभारी प्रयाग राज ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने पदभार ग्रहण करने के पश्चात कहा कि थाना क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण रखने समेत पुलिस पब्लिक के दरमियान बेहतरीन आयाम स्थापित करना प्राथमिकता रहेगी। वही पाकुड़ नगर थाना के नवपदास्थापित थाना प्रभारी प्रयाग राज से कांग्रेस के पाकुड़.जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार व प्रखण्ड अध्यक्ष मानसारुल हक ने भेंट मुलाकात कर पाकुड़ नगर थाना का प्रभारी बनने पर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस दौरान कई महत्वपूर्ण अवयवों को ले वातालार्प भी किया।

# हाईकोर्ट में केंद्रीय चुनाव आयोग का जवाब, कहा- राज्य को सौंप दी गई मतदाता सूची

**एनपीटी ब्यूरो**

रांची । चुनाव आयोग ने झारखंड उच्च न्यायालय को बताया कि नगर निकाय चुनाव कराने के लिए मतदाता सूची राज्य निर्वाचन आयोग को दे दी गई है। न्यायमूर्ति आनंद सेन की अदालत में पूर्व वार्ड पार्षद रोशनी खालको द्वारा दायर की गई अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने यह जानकारी दी।

चुनाव आयोग ने झारखंड उच्च न्यायालय को बताया कि नगर निकाय चुनाव कराने के लिए मतदाता सूची राज्य निर्वाचन आयोग को दे दी गई है। न्यायमूर्ति आनंद सेन की अदालत में पूर्व वार्ड पार्षद रोशनी खालको द्वारा दायर की गई अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने यह जानकारी दी।

आयोग ने बताया कि राज्य में मतदाताओं की अपडेट सूची सात अगस्त 2024 को प्रकाशित की गई थी। यह सूची हाल ही में राज्य में हुए विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल की गई थी। वहीं राज्य चुनाव आयोग ने भी कोर्ट में कहा कि उसे भारत निर्वाचन आयोग की ओर से भेजी गई मतदाता सूची मिल गई है। इसी सूची के आधार पर चुनाव कराए जाएंगे। कोर्ट ने कहा कि मामले की सुनवाई 12 सप्ताह बाद की जाएगी।

**चुनाव कराने का आदेश पूरा न होने पर दायर की अवमानना याचिका-** रोशनी खालको ने इससे पहले, 2023 में वार्ड पार्षदों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की थी। इस पर हाईकोर्ट ने 4 जनवरी 2024 को सरकार को तीन सप्ताह के भीतर नगर निगम चुनाव कराने का आदेश दिया था। लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ, तो खालको ने अवमानना याचिका दायर की है। उन्होंने कोर्ट के आदेश का पालन न करने का आरोप लगाया था।

**कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा था जवाब-**याचिका को लेकर रखंड हाईकोर्ट ने भारत निर्वाचन आयोग से दो सप्ताह में हलफनामा दाखिल कर जवाब मांगा था। हाईकोर्ट ने भारत निर्वाचन आयोग को यह बताने का निर्देश दिया कि इस मतदाता सूची का उपयोग आगामी नगर निगम चुनाव में किया जा सकता है या नहीं। साथ ही 16 जनवरी को हाईकोर्ट ने सरकार को चार महीने में चुनाव कराने का आदेश दिया था। इससे पहले कोर्ट ने मुख्य सचिव अलका तिवारी को मामले की सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए तलब किया था।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर मनाया विजयोत्सव

एनपीटी ब्यूरो, दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिली प्रचंड जीत पर शनिवार को पाकुड़ गांधी चौक पर भाजपा के पाकुड़ नगर अध्यक्ष सोहन मंडल के नेतृत्व में विजयोत्सव मनाया गया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के अटल निर्णय की जीत है। दिल्ली की जनता ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया है। यह अरविंद केजरीवाल के झूठ और बेईमानी की हार है। आज, दिल्ली के लोगों ने दिखा दिया कि आप झूठे वादे करके लंबे समय तक राज्य पर शासन नहीं कर सकते। उन्होंने कहा यह आप और केजरीवाल द्वारा दिल्ली को दयनीय स्थिति में पहुंचाने का नतीजा है। उन्होंने कहा कि यह पंजाब के सभी आप नेताओं के लिए एक सबक है। पिछले तीन सालों में उन्होंने पंजाब के साथ जो किया है, उसकी स्थिति आज दिल्ली में हुई स्थिति से भी बदतर होगी। दिल्ली की जनता और पार्टी कार्यकत्ताओं को बधाई देते हुए कहा जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने कहा कि हम नई दिल्ली के लोगों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देते हैं। दिल्ली के लोग झूठ बोलकर सरकार चलाने वाले व्यक्ति को दोबारा मौका देने की गलती कभी नहीं करेंगे। दिल्ली के लोगों ने झूठ को जीतने नहीं दिया। इस कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुग्रहित प्रसाद साह, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी, जिला महामंत्री रूपेश भगत, हिसाबी राय, विवेकानंद तिवारी, पार्थ रक्षित, जीतू सिंह, रतन भगत, सपन दुबे, दुलाल सिंह, संजीव साह, सुशील साह, सादेकुल आलम, प्रदीप साह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# एलिट पब्लिक स्कूल, पाकुड़ में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ प्रवेश परीक्षा

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), एलिट पब्लिक स्कूल, पाकुड़ में 9 दिसंबर 2025 को विद्यालय प्रवेश परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की गई। परीक्षा में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। प्रवेश परीक्षा निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित की गई। परीक्षा का परिणाम दिन सोमवार को प्रकाशित किया जायेगा ' विद्यालय प्रशासन के द्वारा छात्रों को सुविधाजनक अनुभव प्रदान करने के लिए सभी व्यवस्थाएं की गईं। प्रवेश परीक्षा में 55 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें कई छात्रों ने मौके पर स्कूल में प्रवेश लिया है। वही प्रबंधन नये छात्रों का स्वागत करने के लिए उत्साहित है। विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और अकादमिक उत्कृष्टता, रचनात्मकता और समग्र विकास को बढ़ावा देने वाला एक अनुकूल शिक्षण वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय अपने नये छात्रों को उनकी अकादमिक यात्रा में शुभकामनाएं देता है और उन्हें हर कदम पर समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# झारखण्ड की महागठबंधन सरकार अपने वादों को पूरा करने हेतु संकल्पित है - मंत्री दीपिका पांडेय सिंह

**एनपीटी ब्यूरो**

रांची, झारखण्ड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह साझा किया कि झारखण्ड की महागठबंधन सरकार अपने वादों को पूरा करने के लिए संकल्पित है, हर एक वादा, हर एक कदम, जनता की उम्मीदों और सपनों से जुड़ा हुआ है। समावेशी विकास की राह पर चलते हुए, सरकार हर उस व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास कर रही है, जो किसी न किसी रूप में संघर्ष कर रहा है। चाहे वो युवा हो जो रोजगार की तलाश में है, या वो परिवार जिनके लिए गैस सिलेंडर का 450 रुपये में उपलब्ध होना बड़ी राहत होगी। तो वही जातीय जनगणना और सरना कोड जैसी महत्वपूर्ण पहल न सिर्फ झारखण्ड की पहचान को संरक्षित करेंगी, बल्कि एकता और विविधता को भी मजबूत करेंगी। महागठबंधन सरकार का उद्देश्य सिर्फ विकास नहीं, बल्कि झारखण्ड के हर नागरिक को उनका अधिकार सुनिश्चित करना है।

# हैक टू द फ्यूचर हैकथॉन इवेंट में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की छात्राएं बनी चैंपियन

**एनपीटी ब्यूरो**

रांची, सम्पूर्णा कंसोर्टियम द्वारा बेंगलुरु में आयोजित हैक टू द फ्यूचर हैकथॉन इवेंट में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, साकची, जमशेदपुर की छात्राएं चैंपियन बनी है। कम्युनिकेशन वर्ग में छात्राओं ने स्मार्ट हेलमेट फॉर मोटर बाइक प्रिवेंशन तकनीक पर आधारित इनोवेशन प्रोजेक्ट का प्रदर्शन कर कम्युनिकेशन चैंपियन का खिताब झारखण्ड को



दिलाया। इन प्रतिभाशाली छात्राओं ने तकनीक की असीमित संभावनाओं एवं तकनीक के माध्यम से नवाचार का निर्माण करने, समस्याओं को हल करने और तकनीक के साथ आगे बढ़ने की अद्भुत मिसाल पेश की है। छात्राएं वर्तमान में हैंड्स-ऑन गतिविधियों के माध्यम से कोडिंग, डिजाइन थिंकिंग और तकनीकी सहयोग जैसे अनुभवी कौशल सीख रही है।




# अब दिल्ली सीएम की तैयारी: BJP ने मांगा उपराज्यपाल से मिलने का समय, 48 विधायकों और सात सांसदों संग जाएंगे सचदेवा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

नई दिल्ली। बता दें कि 26 साल बाद भाजपा की दिल्ली की सत्ता में वापसी हुई है। 5 फरवरी को हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने आम आदमी पार्टी को हराकर दिल्ली में बड़ी जीत दर्ज की।

दिल्ली में 26 साल बाद जीत दर्ज करने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को उपराज्यपाल से मिलने का समय भी मांग लिया। जानकारी सामने आ रही है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एलजी विनय सक्सेना से अपने नए 48 विधायकों और सात सांसदों संग मिलने के लिए पत्र लिखकर वक्त मांगा है।

पत्र में क्या लिखा

वीरेंद्र सचदेवा ने अपने पत्र में लिखा है, 'मैं, दिल्ली के बीजेपी सांसद और हमारे नवनिर्वाचित 48 विधायक आपसे जल्द से जल्द मिलना चाहता हूं। कृपया अपनी सुविधा के अनुसार जल्द से जल्द समय दें।'



**26 साल बाद दिल्ली की सत्ता में लौटी भाजपा**

बता दें कि 26 साल बाद भाजपा की दिल्ली की सत्ता में वापसी हुई है। 5 फरवरी को हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने आम आदमी पार्टी को हराकर दिल्ली में बड़ी जीत दर्ज की। वहीं 70 विधानसभा सीट वाली दिल्ली में आप केवल 28 सीट ही बचा सकी। जबकि कांग्रेस लगातार तीसरी बार अपना खाता खोल पाने में भी कामयाब नहीं रही।

**पीएम मोदी के विदेश दौरे से लौटने के बाद होगा शपथ समारोह**

भाजपा नेताओं का कहना है कि प्रधानमंत्री विदेश दौरे पर जा रहे हैं। ऐसे में उनके लौटने के बाद ही दिल्ली में नए मुख्यमंत्री पद के शपथ समारोह का आयोजन होगा।

**नए सीएम के नामों की अटकलें तेज** – दिल्ली के नए मुख्यमंत्री को लेकर पार्टी में चर्चा तेज हो गई है और चुनाव जीतने वाले कई वरिष्ठ नेताओं के नामों की अटकलें लगाई जा रही हैं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश वर्मा आप संयोजक और तीन बार मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल को हराकर बड़े अंतर से उभरे हैं।

# सूत्रों का दावा, पीएम के अमेरिका दौरे के बाद दिल्ली में होगा भाजपा सरकार का गठन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

नई दिल्ली। भाजपा सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस सप्ताह अमेरिका की यात्रा से लौटने के बाद दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह होने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह एक भव्य कार्यक्रम होगा, जो 26 साल बाद दिल्ली में भाजपा की सत्ता में वापसी का प्रतीक होगा।

दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी 27 साल बाद सत्ता में लौटी है। कल दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 48 सीटें जीती हैं। अब दिल्ली के नए सीएम और उनके मंत्रिमंडल को लेकर चर्चा तेज हो गई है। दिल्ली के नए सीएम चेहरे को लेकर बीजेपी में बैठकों का दौर भी शुरू हो गया है। इन सबके बीच सूत्रों ने बताया है कि दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह कब होगा?



भाजपा सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस सप्ताह अमेरिका की यात्रा से लौटने के बाद दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह होने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह एक भव्य कार्यक्रम होगा, जो 26 साल बाद दिल्ली में भाजपा की सत्ता में वापसी का प्रतीक होगा और इसमें एनडीए शासित सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राष्ट्रीय राजधानी में सरकार गठन पर चर्चा करने के लिए आज भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करेंगे। दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा आज शाम 48 नवनिर्वाचित विधायकों से मुलाकात करेंगे।

सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी, शाह और नड्डा ने कल शाम भाजपा मुख्यालय में सरकार गठन और शपथ ग्रहण समारोह पर चर्चा की। हालांकि भाजपा नेतृत्व ने अभी तक मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी पसंद की घोषणा नहीं की है, लेकिन आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को हराकर बड़ी जीत हासिल करने वाले नई दिल्ली के नवनिर्वाचित विधायक प्रवेश वर्मा को सबसे आगे देखा जा रहा है।

पश्चिमी दिल्ली से दो बार सांसद रह चुके वर्मा को पिछले साल संसदीय चुनाव का टिकट नहीं मिला था। इसके बाद वे विधानसभा चुनाव मैदान में उतरे और केजरीवाल के खिलाफ उस सीट पर चुनाव लड़ा, जहां से वे लगातार तीन बार जीते थे और उन्हें 4,000 वोटों से हराया। वर्मा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत साहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं।

# बिना समय बर्बाद किए विकसित दिल्ली के निर्माण पर लग जाएं

## भाजपा वरिष्ठ नेताओं ने विधायकों को दिए निर्देश



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा ने एक बयान में कहा कि वरिष्ठ नेताओं ने विधायकों को उचित संगठनात्मक और प्रशासनिक ढांचे के भीतर काम करने के बारे में मार्गदर्शन दिया।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अल्का गुर्जर, सह प्रभारी अतुल गर्ग, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा व संगठन महामंत्री पवन राणा ने सभी 48 नए विधायकों के साथ प्रदेश भाजपा कार्यालय में बैठक की।

इसमें सांसदों ने भी अपने क्षेत्र के विधायकों के साथ भाग लिया। वरिष्ठ नेताओं ने उचित संगठनात्मक व प्रशासनिक नियमों के तहत कार्य करने के दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, कहा कि सभी विधायक अपनी कार्यशैली पूरी तरह पारदर्शी रखें। बैठक में नेताओं ने विधायकों का ध्यान प्रधानमंत्री के विजय संदेश की ओर आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि तुरंत ही प्रधानमंत्री के मन की विकसित दिल्ली के निर्माण के लिए काम शुरू करना होगा।

**कार्यशैली में बनी रहे पूरी पारदर्शिता**

पंत मार्ग स्थित दिल्ली भाजपा कार्यालय में उत्सव जैसा माहौल रहा, जहां मिठाइयां बांटी गईं और पारंपरिक उत्तराखंडी संगीत और कार्यकताओं और समर्थकों के उत्साह के बीच नवनिर्वाचित पार्टी विधायकों का स्वागत किया गया। दिल्ली भाजपा ने एक बयान में कहा कि वरिष्ठ नेताओं ने विधायकों को उचित संगठनात्मक और प्रशासनिक ढांचे के भीतर काम करने के बारे में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सभी विधायकों को अपनी कार्यशैली में पूरी पारदर्शिता बनाए रखनी चाहिए।

# हार के बाद आप की पहली बैठक: केजरीवाल ने बताया आगे का प्लान, आतिशी बोलीं- निभाएंगे विपक्ष की भूमिका

नई दिल्ली। आतिशी ने कहा कि केजरीवाल ने नवनिर्वाचित विधायकों को लोगों की सेवा करने और उनकी समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को नवनिर्वाचित विधायक सहित दूसरे नेताओं के साथ बैठक की। बैठक के दौरान केजरीवाल ने सभी को मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने का आदेश दिया। साथ ही पार्टी को आगे मजबूत रखने को कहा।

'हम भाजपा की जवाबदेही तय करेंगे'- बैठक के बाद पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि पार्टी के सभी विधायकों को एक मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने के साथ-साथ उन्हें अपने क्षेत्र की जनता की सेवा में जुटने का निर्देश दिया गया है। आम आदमी पार्टी यह सुनिश्चित करेगी कि भाजपा अपने वादे के अनुसार पहली कैबिनेट बैठक में महिलाओं को 2500 रुपए प्रतिमाह देने की स्कीम पास कर 8 मार्च तक उनके खाते में डाले। हम भाजपा की जवाबदेही भी तय करेंगे कि दिल्लीवालों को 200 यूनिट बिजली, सभी सुविधाओं के साथ सरकारी स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक और अस्पतालों में सुविधाएं पहले की तरह मिलती रहेगी। इस बैठक में सांसद संजय सिंह, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) व सांसद डॉ. संदीप पाठक और दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय समेत अन्य नेता शामिल हुए।

किया जा रहा है हार का विश्लेषणः- आतिशी ने कहा कि चुनाव परिणामों को लेकर अभी विश्लेषण जारी है। इसमें पार्टी के हार के कारणों पर चर्चा होगी। पार्टी जनता के जनादेश का सम्मान करती है। इस चुनाव में कुछ निष्पक्ष नहीं हुआ। वहीं, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजीव झा ने कहा कि केजरीवाल के साथ बैठक में आगे की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में सभी नेताओं ने भविष्य की रणनीति पर चर्चा की। दिल्ली में पार्टी की मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने और भाजपा को अपने सारे वादे पूरे करने का दबाव बनाने की रणनीति बनाई गई।

बैठक के बाद नामित किया जाएगा विपक्ष का नेता- उन्होंने कहा कि विधायक यह सुनिश्चित करेंगे कि भाजपा आप नीत सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों में दी गई मुफ्त सेवाओं और सुविधाओं को बंद न करे। आतिशी ने कहा कि आने वाले दिनों में आप विधायक दल की बैठक के दौरान विपक्ष के नेता को नामित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री आतिशी ने दिया इस्तीफा, एलजी ने भंग की विधानसभा- आम आदमी पार्टी की हुई करारी हार के बाद मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को उपराज्यपाल एलजी वीके सक्सेना को इस्तीफा सौंप दिया। मुख्यमंत्री पद से आतिशी के इस्तीफे स्वीकार करने के बाद उपराज्यपाल ने सातवीं दिल्ली विधानसभा को भंग कर दिया। वहीं, नई सरकार के गठन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। उधर, भाजपा अभी भी आधिकारिक तौर पर सीएम के चेहरे पर बात नहीं कर रही है। प्रदेश पदाधिकारियों का कहना है कि विधान मंडल दल की बैठक में जल्द ही इसका फैसला होगा।ः- उपराज्यपाल कार्यालय के मुताबिक, मुख्यमंत्री आतिशी रविवार सुबह करीब 11 बजे राज निवास पहुंची। यहां उन्होंने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंपा। इस्तीफा स्वीकार करने के साथ उपराज्यपाल ने कहा कि नई सरकार के गठन तक वह बतौर कार्यवाहक सीएम काम करती रहेंगी। दूसरी तरफ एलजी ने सातवीं विधान सभा भंग करने की अधिसूचना भी जारी कर दी है।

इसके साथ दिल्ली में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। आने वाले दिनों में भाजपा विधान मंडल दल की बैठक होगी। इसमें विधान मंडल का नेता चुना जाएगा। इसकी अगुवाई में भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल एलजी से मुलाकात कर सरकार गठन की प्रस्ताव पेश करेगा। इसके बाद तयशुदा तारीख पर नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com

## दिल्ली में फिर से बजेगा चुनावी बिगुल:

# दिल्ली में फिर से बजेगा चुनावी बिगुल: जानें किन लोगों को जाना

नई दिल्ली । चांदनी चौक, चांदनी महल, दक्षिणपुरी, मुंडका, शालीमार बाग बी, अशोक विहार, दिचाऊं कलां, नारायणा, संगम विहार, ग्रेटर कैलाश, विनोद नगर व द्वारका बी में होंगे उपचुनाव।

राजधानी में जल्द ही फिर से चुनावी बिगुल बजने वाला है। एमसीडी के 11 वार्डों के पार्षदों के विधायक व एक के सांसद बनने के बाद उपचुनाव होंगे। उपचुनाव कराने के लिए राज्य चुनाव आयोग जल्द ही तैयारी शुरू करेगा। आयोग एमसीडी के रिक्त हुए वार्डों के संबंध में सूचना मिलने का इंतजार कर रहा है।

विधानसभा चुनाव में एमसीडी के 11 वार्डों के पार्षद विधायक बने हैं। वहीं, पिछले वर्ष कमलजीत सहरावत सांसद बनी थीं। विधायक बने पार्षदों को 15 दिन में एक पद चुनने के कारण दूसरे से त्याग पत्र देना होगा। सहरावत पहले ही पार्षद पद से त्याग पत्र दे चुकी हैं। लोकसभा चुनाव व विधानसभा चुनाव के मध्य समय कम होने से राज्य चुनाव आयोग ने गत वर्ष रिक्त हुए एक वार्ड का उपचुनाव नहीं कराया था। उसका मानना था कि विधानसभा चुनाव में भी कुछ पार्षदों को टिकट मिल सकता है और विधायक बनने पर वार्ड रिक्त होंगे। इस तरह सभी रिक्त वार्डों के एक साथ चुनाव कराए जाएं तो बेहतर होगा।




**कुछ समय के लिए ठप होगा कामकाज**

एमसीडी के रिक्त वार्डों के उपचुनाव की अधिसूचना जारी होते ही दिल्ली में एक बार फिर कामकाज ठप हो जाएगा, क्योंकि आचार संहिता लागू होने से दिल्ली सरकार और एमसीडी कोई भी नीतिगत फैसले नहीं ले सकेंगी।

**कहां रिक्त हुए वार्ड**

चांदनी चौक वार्ड के पार्षद पूरनदीप साहनी (आप), चांदनी महल वार्ड के पार्षद ओल मोहम्मद इकबाल (आप) मटिया महल क्षेत्र, दक्षिणपुरी वार्ड के पार्षद प्रेम चौहान (आप) देवली, मुंडका वार्ड के पार्षद गजेंद्र दराल (भाजपा) मुंडका क्षेत्र, शालीमार बाग बी वार्ड की पार्षद रेखा गुप्ता (भाजपा) शालीमार बाग क्षेत्र, अशोक विहार वार्ड की पार्षद पूनम शर्मा (भाजपा) वजीरपुर क्षेत्र, दिचाऊं कला वार्ड की पार्षद नीलम पहलवान (भाजपा) नजफगढ़ क्षेत्र, नारायणा वार्ड के पार्षद उमंग बजाज (भाजपा) राजेंद्र नगर क्षेत्र, संगम विहार वार्ड के पार्षद चंदन कुमार (भाजपा) संगम विहार क्षेत्र, ग्रेटर कैलाश वार्ड की पार्षद शिखा राय (भाजपा) ग्रेटर कैलाश क्षेत्र और विनोद नगर वार्ड के पार्षद रविंद्र नेगी (भाजपा) पटपड़गंज क्षेत्र से विधायक चुने गए थे। वर्ष 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में द्वारका बी वार्ड की पार्षद कमलजीत सहरावत (भाजपा) पश्चिमी दिल्ली क्षेत्र से सांसद चुनी गईं थीं।

**इन वार्डों पर उपचुनाव**

चांदनी चौक, चांदनी महल, दक्षिणपुरी, मुंडका, शालीमार बाग बी, अशोक विहार, दिचाऊं कलां, नारायणा, संगम विहार, ग्रेटर कैलाश, विनोद नगर व द्वारका बी।

नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं पुरराज प्रिंटिंग एंड पैकिंग प्राइवेट लिमिटेड प्रेस ई-19,सेक्टर-6,नोएडा, गौतमबुद्धनगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।